# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 330 । भोपाल, गुरुवार 30 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बारात में डांस करने को लेकर भिड़े बाराती, मामला दर्ज पृष्ठ 2
▪ बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा
▪ तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस पृष्ठ 4
▪ ताप्ती मेले में पहुंचने लगे दुकानदार और झूले
▪ बिरुल बाजार से चंदोरा पहुंच मार्ग बारिश से हुआ खराब पृष्ठ 6
बालाघाट में अब एसडीएम निलंबित पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### छग में चुनाव के बाद पहली बार सोनिया से मिले बघेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में दो चरणों का मतदान संपन्न होने के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। बघेल सुबह यहां 10 जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास पर पहुंचे। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच बैठक 30 मिनट से अधिक समय तक चली, जिसके दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में मतदान पर चर्चा की, जहां कांग्रेस लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है। सूत्र ने कहा कि बघेल ने सोनिया गांधी को राज्य में दो चरणों में हुए मतदान से अवगत कराया। पहला चरण 7 नवम्बर को 20 विधानसभा सीटों के लिए और दूसरा चरण 17 नवम्बर को 70 विस सीटों पर हुआ था। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव नतीजों पर चर्चा की।

### साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला एक दिसंबर से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल एक दिसंबर को साहित्य अकादमी का वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' का उदघाटन करेंगे जिसमें 40 से अधिक प्रकाशक और 50 साहित्यकार–कलाकार भाग ले रहे हैं। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार के यहां बताया कि पुस्तकायन पुस्तक मेले का द्वितीय संस्करण अपने परिसर में एक दिसंबर से नौ दिसंबर तक होगा। मेले का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। वह साहित्य अकादमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी उद्घाटन करेंगे।

### अभिनव कुमार बनाए गए उत्तराखण्ड के डीजीपी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के नये डीजीपी का ऐलान हो गया है। 1996 बैच के आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को उत्तराखंड का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। उत्तरखंड डीजीपी अशोक कुमार कल रिटायर हो रहे हैं। उनके रिटायर होने से पहले आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई है। 30 नवंबर को डीजीपी अशोक कुमार रिटायर हो रहे हैं। उसके बाद उत्तराखंड के नये डीजीपी की जम्मेदारी आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को दी गई है।

### वायु प्रदूषण में सुधार, ग्रेप-तीन की पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले दो–तीन दिनों से मौसम में बदलाव से प्रदूषण में गिरावट दर्ज होने के मद्देनज़र ग्रेप–तीन से सबंधित पाबंदियों को हटा दिया गया है। श्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रेप–1 तथा ग्रेप–2 के नियम अभी लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रेप–3 के तहत बीएस–3 पेट्रोल और बीएस–4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध हटा लिया गया है। इसके अलावा निर्माण और विध्वंस पर लगे प्रतिबंध को भी हटा लिया गया है।


घृणा फैलाने वाले भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# नफरती भाषणों पर होनी चाहिए कार्रवाई

### फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी भी और सभी प्रकार के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जानी चाहिए। कोर्ट की यह टिप्पणी तब आई जब वह हेट स्पीच के मुद्दे पर लोगों और समूहों की ओर से दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमत हो गया है, जिनमें नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की मांग की गई है।

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, 'हम घृणा फैलाने वाले भाषणों की समस्या की देशभर में निगरानी नहीं कर सकते। भारत जैसे बड़े



देश में समस्याएं तो होंगी ही लेकिन सवाल यह पूछा जाना चाहिए कि क्या हमारे पास इससे निपटने के लिए कोई प्रशासनिक तंत्र है।' सुनवाई कर रही बेंच में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल

### 'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी'

थे। मामले को अगले साल फरवरी में सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए बेंच ने कहा, 'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी। हम ये कार्यवाही देशभर के आधार पर नहीं कर सकते, नहीं तो हर दिन अर्जियां आती रहेंगी।'

2018 में तहसीन पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए थे और उन्हें घृणा अपराधों को रोकने और यहां तक कि अपराध दर्ज करने के लिए जिम्मेदार एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश भी दिया था।

### पुलिस प्रमुखों को स्वत: संज्ञान लेने को कहा था

इससे पहले अप्रैल में देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों को किसी भी धर्म के लोगों की ओर से दिए गए नफरत भरे भाषणों के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था, साथ ही निर्देश का पालन नहीं होने पर अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

5 साल बढ़ाई गई गरीब कल्याण अन्न योजना

# हर महीने मुफ्त मिलता रहेगा 5 किलो खाद्यान्न



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रधनमंत्री की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को हर महीने पांच किलों खाद्यान्न मुफ्त में दिया जाता है। इसके अलावा अंत्योदय परिवारों को हर महीने 35 किलों मुफ्त खाद्यान्न भी मिलता रहेगा।

केंद्र के इस फैसले से लगाभग 81 करोड लोगों को फायदा होगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहाकि इस योजना के चलते अगले 5 साल में 11.80 लाख करोड़ राशि खर्च होगी। उन्होंने कहाकि मोदी सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल में तकरीबन 13.50 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ठाकुर ने कोाविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लाई गई थी। अब इसे अगले पांच साल तक के लिए बढाने का फैसला लिया गया है। यह योजना साल 2020 में महामारी के दौरान राहत देने के लिए शुरू की गई थी। इसके तहत हर लाभार्थी के लिए पांच किलों खाद्यान्न मुफ्त में देने का प्रावधान किया गया था। ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा मंत्रिमंडल के एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत 15000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की योजना को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत दो साल के दौरान 1261 करोड रुपए का खर्च आएगा। इस योजना का लक्ष्य साल 202425 से लेकर 2025–26 तक ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्य सचिव पद से आज सेवानिवृत्ति होंगे इकबाल सिंह बैंस

# वीरा राणा प्रदेश की नई प्रशासनिक मुखिया होंगी





**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष वीरा राणा राज्य की नई मुख्य सचिव होंगी। वे गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे इकबाल सिंह बैंस का स्थान लेंगी। वीरा राणा प्रदेश की दूसरी महिला प्रशासनिक मुखिया होंगी। पहले श्रीमती निर्मला बुच राज्य की मुख्य सचिव रह चुकी हैं।

1988 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी वीरा राणा ने आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। इसके बाद यह तय माना जा रहा था कि वे राज्य की नई प्रशासनिक मुखिया होंगी। देर शाम उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार वीरा राणा को माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल तथा कृषि उत्पादन आयुक्त के वर्तमान कर्तव्यों के साथ मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राणा बैंस के बाद मध्य प्रदेश में पदस्थ सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। वह मार्च 2024 में सेवानिवृत्त होंगी। इससे पहले प्रदेश के आईएएस अधिकारी अजय तिर्की, संजय बंदोपाध्याय और अनुराग जैन का नाम भी मुख्य सचिव की रेस में था, लेकिन यह अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर है। इसमें अजय तिर्की दिसंबर 2023, संजय बंदोपाध्याय अगस्त 2024 और अनुराग जैन अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं, सीएस के दावेदारों में मो.सुलेमान, आशीष उपाध्याय, विनोद कुमार, राजीव रजन, राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा और मलय श्रीवास्तव का नाम भी चल रहा था। वर्तमान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को दो बार सरकार ने सेवावृद्धि दी। वह 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन सरकार ने उनको 1 दिसंबर 2022 को 6 माह की सेवावृद्धि दे दी। इसके बाद 1 जून 2023 को दूसरी बार 30 नवंबर तक के लिए सेवावृद्धि दी गई थी।

### आज संभालेंगी कार्यभार

गुरुवार को शिवराज मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में इकबाल सिंह बैंस को औपचारिक विदाई दी जाएगी और इसके बाद वीरा राणा नए मुख्य सचिव के रूप में दायित्व संभाल लेंगी। बताया जाता है कि इससे पहले मंत्रिपरिषद में उनका परिचय कराया जाएगा।

## सुरंग से निकाले गए श्रमिकों से मोदी ने की बात

**देहरादून, देशबन्धु।** सिल्क्यारा सुरंग से 17 दिन बाद निकाले गए श्रमिको से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह फोन पर बात की। एक बचाए गए शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि 41 मजदूरों ने सुबह की सैर और योग का अभ्यास करके अपना उत्साह बनाए रखा। एक अन्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बचाव टीमों की सराहना की। उनमें से एक ने कहा कि उन्हें चिंता करने की कोई बात नहीं है, क्योंकि जब सरकार विदेशों में भारतीयों को बचा सकती है, तो हम देश के भीतर ही थे।

मंगलवार देर रात बचाए गए मजदूरों के साथ अपनी फोन पर बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि इतने दिनों तक खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने पर मैं आपको बधाई देता हूं। यह मेरे लिए खुशी की बात है। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। ईश्वर की कृपा है कि आप सभी सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बातचीत के एक वीडियो के अनुसार, मोदी ने बचाए गए लोगों से कहा कि 17 दिन का कम समय नहीं है। आप सभी ने बहुत साहस दिखाया और एक–दूसरे को प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वह ऑपरेशन के बारे में जानकारी लेते रहते थे और लगातार मुख्यमंत्री के संपर्क में थे। पीएम ने कहा कि मेरे पीएमओ के अधिकारी भी वहां बैठे थे।

### कांग्रेस ने कंपनी की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे 41 श्रमिकों के सफर रेस्क्यू पर जहां एक ओर पूरा देश खुशियां मना रहा है तो वहीं उत्तराखण्ड में विपक्षी कांग्रेस रेस्क्यू ऑपरेशन पर सवाल उठा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, केंद्रीय एजेंसियों और नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के बीच समन्वय की कमी के कारण बचाव अभियान में लंबा समय लगा। करन माहरा ने कहा कि सरकार ने बहुत विलंब से सही रणनीति पर काम किया और सफलता मिली।

हमास-इजरायल संघर्ष मामला

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने की नागरिकों की मौत की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भारत ने हमास आतंकवाद और इजरायल की जवाबी कार्रवाई में बड़े पैमाने पर हुई नागरिकों की मौत की निंदा की, लेकिन सीधे तौर पर दोनों का नाम नहीं लिया। फिलिस्तीन के लिए दो– देश समाधान और मानवीय सहायता के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए, भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए आतंकवादी हमला चौंकाने वाला था। इसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा करते है। आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो–टॉलरेंस नीति रखता है। इजरायल की जवाबी कार्रवाई से पैदा हुए संकट पर कंबोज ने कहा, 'हम आज ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब मध्य पूर्व में चल रहे इजरायल–हमास संघर्ष के कारण सुरक्षा स्थिति बिगड़ रही है, बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान जा रही है। यह एक चिंताजनक मानवीय संकट है।' यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। हमास के हमले में इजरायल में 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए और करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया गया। हमास के नियंत्रण वाले गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से हवाई बमबारी से इजरायल की जवाबी कार्रवाई में 14,800 से ज्यादा लोगों की जान गई है।

## तेलंगाना में मतदान आज

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मतदान गुरुवार को होगा, जिसमें 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता 2,290 उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग ने सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। 35,655 मतदान केंद्रों पर 1.85 लाख से अधिक मतदान कर्मी तैनात किये जायेंगे, जबकि 22,000 माइक्रो पर्यवेक्षक पूरी मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत राज्य से कुल 45,000 कर्मी, अन्य विभागों से 3,000 कर्मी, तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस की 50 कंपनियां और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 375 कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से 23,500 होमगार्ड भी ड्यूटी पर रहेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

## ट्रेन में विषाक्त भोजन से 80 यात्रियों की बिगड़ी सेहत

**पुणे, एजेंसी।** ट्रेन में विषाक्त भोजन खाने से 80 यात्रियों की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद डॉक्टरों के एक दल ने इन यात्रियों को सलामत स्टेशन पर पर उतारकर उनका परीक्षण किया और उपचार के बाद वापस यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया।

दरअसल भारत गौरव विशेष ट्रेन चेन्नई से गुजरात के पालीताणा के लिए रवाना हुई, इस ट्रेन में खाने के बाद पुणे स्टेशन के करीब 80 यात्रियों ने पेट में संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत सामने आई। जिससे पुणे स्टेशन के रेल अधिकारियों को अवगत कराया गया ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### दमोह में चने की भाजी खाने से एक ही परिवार के 7 बीमार

इधर दमोह जिले के तेजगढ़ थाना के परासई गांव में एक ही परिवार के 7 लोग अचानक बीमार हो गए, उन्होंने चने की भाजी खाई थी। बीमार हाने पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाजरत कोमल अहिरवार (60) के भतीजे के मुताबिक वह मंगलवार रात खेत से चने की भाजी तोड़कर लाया था, जिसे बतौर सब्जी इस्तेमाल करने के लगभग 1 घंटे के बाद परिजनों को सिरदर्द और उल्टियां होने लगी, जिसके बाद उन्हें 108 की मदद से जिला अस्पताल लाए और यहां भर्ती कराया गया। चने की भाजी खाने के बाद हुए बीमारों में कोमल अहिरवार के अलावा अंगूरी बाई (50), रानी (25), सरोज बाई (25), राजेंद्र (3), गीताबाई (3) और 3 वर्षीय प्रमोद शामिल हैं।

अमेरीकी खुफिया रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की तैयारी!

# अपराधियों-आतंकियों पर गिरेगी गाज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संगठित अपराधियों, हथियारबंद हमलावरों और आतंकियों को लेकर अमेरिका से मिली खुफिया जानकारी के बाद भारत कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट के बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

### एक उच्च स्तरीय समिति का किया गया गठन

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने साप्ताहिक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि भारत–अमेरिका पिछले कई सालों से सुरक्षा के मुद्दे पर एक साथ हैं। भारत–अमेरिका सुरक्षा सहयोग पर हालिया चर्चा के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने संगठित अपराधियों ,हथियाबंद हमलावरों,आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से जुडी हुए कुछ खुफिया जानकारियों को साझा किया है। यह जानकारी गंभीर और भारत व अमेरिका के लिए चिंता की वजह है। इसीलिए दोनों देशों ने तुरंत इस पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। पिछले सप्ताह एक अमेरिकी अखबार की आई रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी–कनाडाई नागरिक गुरुपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची गई। वह सिख फॉर जस्टिस का जनरल कांउंसिल है और भारत में उसे आतंकवादी नामित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब सितम्बर माह में नईदिल्ली में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था तो उसमें हिस्सा लेने अमेरिका राष्टपति जो बाइडन भी पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इस मुद्दे को उठाया था। पन्नू के हत्या की साजिश की खबर तब सामने आई है,जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या को लेकर भारत–कनाडा में विवाद हो चुका है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि उनके देश में घुसकर कनाडाई नागरिक निज्जर की हत्या की गई और इसमें भारतीय एजेंट का हाथ था।

## राजस्थान की अंजू 6 महीने बाद पाकिस्तान से लौटी

### सुरक्षा एजेंसियों ने की पूछताछ



**अमृतसर, एजेंसी।** राजस्थान से पाकिस्तान गई अंजू बुधवार को अमृतसर के अटारी–वाघा बॉर्डर के जरिए भारत लौट आई। वह 6 महीने पहले पाकिस्तान गई थी और अपने फेसबुक दोस्त नसरूल्लाह से निकाह कर लिया था। अमृतसर पहुंचने पर सुरक्षा एजेंसियों ने उससे पूछताछ की। जिसमें उसके पाकिस्तान जाने के मकसद और 6 महीने वहां रहने के समय के बारे में पूछताछ की गई है। इसके बाद 34 साल की अंजू अमृतसर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई। यहां से वह फ्लाइट के जरिए दिल्ली रवाना हुई। अंजू ने सिर दर्द का बहाना बना अमृतसर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करने से मना कर दिया। अंजू का कहना है कि वह खुश है। इससे ज्यादा वह कुछ भी कमेंट नहीं करना चाहती। वहीं, पाकिस्तान में नसरूल्लाह का कहना है कि अंजू अपने बच्चों के कारण मानसिक तौर पर परेशान हो रही थी और उसके पास वापस लौटने के सिवा कोई चारा नहीं था। अंजू ने पाकिस्तान में अपने फेसबुक दोस्त खैबर पख्तूनवा के ऊपरी दीर के रहने वाले नसरुल्लाह से निकाह किया था। जिसके बाद पाकिस्तान ने उसका वीजा 1 साल के लिए बढ़ाया था। अंजू अब पाकिस्तान सरकार से एनओसी लेकर भारत आई है, ताकि पाकिस्तान वापस लौट सके। सूचना है कि, वे अपने साथ बच्चों को भी लेकर जाना चाहती है।

राजस्थान-हरियाणा सहित 6 राज्यों में जारी किए दिशा निर्देश

# चीन में फैली फेफड़े की बीमारी पर देश में अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में फेफड़े की रहस्यमयी बीमारी को लेकर केंद्र सरकार ने राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा और तमिलनाडु को अलर्ट जारी किया है। इसके बाद राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य विभाग को सांस से जुड़ी बीमारी के मरीजों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

- बच्चों पर इसका असर सबसे ज्यादा
- केंद्र पहले ही कर चुका है सतर्क

राज्य सरकारों ने लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़–भाड़ वाली जगहों पर मास्क का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। पीडियाट्रिक यूनिट्स में बच्चों के इलाज के लिए पूरी व्यवस्था करने को कहा गया है। चीन में रहस्यमयी बीमारी का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर हो रहा है। तेज बुखार के साथ फेफड़े फुला देने वाली इस बीमारी की वजह से हर रोज करीब 7 हजार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना की तरह ये बीमारी भी संक्रामक है।

केंद्र सरकार ने 24 नवंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि भारत में चीन की रहस्यमयी बीमारी का एक भी मामला अभी सामने नहीं आया है। सरकार इस पर बारीकी से निगरानी कर रही है। प्रो–मेड नाम के एक सर्विलांस प्लेटफॉर्म ने 15 नवंबर को चीन में रहस्यमयी बीमारी को लेकर दुनियाभर में अलर्ट जारी किया था। प्रो–मेड ने कोरोना को लेकर भी दिसंबर 2019 में एक अलर्ट जारी किया था। ये प्लेटफॉर्म इंसानों और जानवरों में फैलने वाली बीमारियों की जानकारी रखता है। हालांकि, प्लेटफॉर्म ने ये नहीं बताया कि ये बीमारी सिर्फ बच्चों तक सीमित है या युवाओं और बुजुर्गों को भी अपनी चपेट में ले रही है। इस बीमारी ने कब फैलना शुरू किया, ये भी पता नहीं चल पाया है।

### नई बीमारी की बात से चीन का इनकार

23 नवंबर को चीनी मीडिया ने स्कूलों में रहस्यमय बीमारी फैलने की जानकारी दी थी। चीन ने बताया कि पीड़ित बच्चों में फेफड़ों में जलन, तेज बुखार, खांसी और जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में कोरोना के कारण लगाई गई पाबंदियां हटा ली गई थीं। इसके कारण फिर से बीमारी फैल रही है। हालांकि, चीन सरकार ने इन दावों को खारिज किया।

## सार समाचार

### लेटफीस के साथ 31 दिसंबर तक भर सकेंगे बोर्ड परीक्षा का फॉर्म

**गुना, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए लेट फीस के साथ फॉर्म जमा करने का नियम लागू कर दिया गया है। इसके तहत माशिमं की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षा से 31 दिसंबर तक लेट फीस जमा कर छात्र परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए उन्हें 10 हजार रुपए जमा करवाना होगा। माशिमं की बोर्ड परीक्षाएं 10वीं की 5 फरवरी और 12वीं की छह फरवरी से शुरू होना है। उल्लेखनीय है कि परीक्षा फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर थी, जो निकल चुकी है। इस समय तक अधिकतर विद्यार्थी नियमित फॉर्म जमा करवा चुके हैं। इसके बाद फॉर्म भरने वाले शासकीय हों अथवा निजी स्कूलों के छात्रों के फॉर्म स्वाध्यायी होंगे। स्वाध्यायी में से भी अधिकांश ने फॉर्म जमा करवा दिए हैं। इसके बाद फॉर्म जमा करने वालों के लिए रास्ते खुले रखे, लेकिन इसके लिए मंडल ने विलंब शुल्क बढ़ाकर रखा है।

### पुरानी रंजिश पर युवकों से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत चौधरी मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर एक युवक के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसाररियादी योगेश पुत्र स्व. दौलतराम लोधा निवासी चौधरी मोहल्ला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस नरेन्द्र साहू द्वारा उसे फोन कर आसमानी माता मंदिर तिराहा पर बुलाया। यहां हाथ में डंडा लेकर लड़े नरेन्द्र ने पुरानी रंजिश पर उसके साथ गाला गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर युवक पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इधर पुरानी रंजिश पर ही श्रीराम कॉलोनी में एक युवक के साथ उसके ही ताऊ के लडक़े ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमन रजक पुत्र लल्लीराम रजक (20) ने अपने दोस्त दीपांशु ओझा के साथ कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वह गत रात वह अपने घर पर था। तभी पड़ोस में रहने वाले उसके बडे पापा पूरन रजक का लडका अनिल रजक उनके घर के दरवाजे पर आकर गालियां देने लगा। जब वह बाहर आकर उससे बोला कि गालियां क्यों दे रहा है तो वह कहने लगा कि तू नई गाडी पल्सर कहां से लेकर आया तेरे पास इतना पैसा कहां से आ रहा है। जिसे पर फरियादी ने कहा कि मेरे पापा ने मुझे गाड़ी दिलाई है। इसी बात पर से उसने मारपीट कर ब्लेड से हमला कर दिया। जिसमें उसका होंठ कट गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# जयस्तंभ चौराहे सहित शहरभर में पर ऑटो चालकों की मनमानी

## कहीं भी खड़ा कर उतारने-बैठाने लगते हैं सवारी



**गुना, देशबन्धु।** शहर में ऑटो-टैंपो चालकों की मनमानी से विभिन्न चौराहों पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऑटो चालक कहीं भी वाहनों को जहां-तहां खड़ा कर देते हैं, जिस कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस विभाग की यह जिम्मेदारी है कि उसके द्वार पर ऑटो वाले नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

दरअसल हम बात जयस्तंभ चौराहे स्थित यातायात पुलिस चौकी की कर रहे हैं। यहां यातायात अमले के सामने ही ऑटो चालक आधी सडक़ तक अपने वाहन खड़े कर सवारियां भरते हैं। इससे आमलोगों को निकलने में भी काफी परेशानी होती है। कुछ ऐसा ही हाल शहर के लगभग हर प्रमुख चौक चौराहें का है, यहा ऑटो चालक कहीं पर भी मनमर्जी से सवारियां उतार एवं चढ़ा रहे हैं। जिससे पीछे की तरफ से जा रहे वाहन चालकों को परेशानी का सामना उठाना पड़ा। इस प्रकार की लापरवाही से दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी जयस्तंभ चौराहे, हाट रोड एवं एबी रोड पर होती है। वहां रोड के किनारे चालक ऑटो को सडक़ पर ही खड़ा कर देते हैं। इससे बड़े वाहन समेत स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे में यदि कभी कोई मालवाहक या सवारी वाहन अनियंत्रित हुआ तो बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। यातायात पुलिस के हेलमेट अभियान के बीच ऑटो चालक यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे है।

### बीच बाजार अव्यवस्था

पहले सिर्फ यातायात की अव्यवस्था जयस्तंभ चौराहे पर अधिक निर्मित होती थी लेकिन अब तो शहर के लगभग हर प्रमुख चौक चौराहो हर जगह बेतरतीब तरीके से ऑटो खड़े रहते हैं। इन मनमानी भी इतनी बढ़ गई है कि कहीं पर भी ऑटो खड़ा करके चले जाते हैं। इस विषय में प्रशासन मौन है। बुधवार को भी आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते ऑटो चालकों ने अपने वाहन रोड पर खड़े कर दिए जिससे बार-बार यातायात अवरूद्ध होता राहा। इस प्रकार ढुलमुल रवैए से ऑटो चालक अपने मनमर्जी करने से बाज नहीं आते हैं जिससे अब आम जनता के साथ-साथ प्रमुख रूप से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# म्याना निवासी युवती ने मक्सी के पास युवक के साथ ट्रेन के आगे कूद की आत्महत्या

**गुना, देशबन्धु।** म्याना थानांतर्गत एक युवती ने युवक के साथ मिलकर मक्सी में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतिका की शिनाख्त म्याना कस्बे की रश्मि साहू के रूप में हुई है। जो गत दिवस मंगलवार को घर से कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकल थी।

मंगलवार देर रात उसने युवक के साथ मिलकर वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। युवती की हथेली पर बहन का मोबाइल नंबर लिखा था, जिससे उसकी शिनाख्त हो गई। पुलिस युवक के बारे में पता कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मक्सी पुलिस दोनों के क्षत-विक्षत शव पोस्टमॉर्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल ले गई। उनका बुधवार को पोस्टमॉर्टम किया गयाा। मक्सी पुलिस ने मृतिका के परिजनों से संपर्क कर जानकारी दी है। मृतिका मंगलवार सुबह 8 बजे परिजन से कोचिंग जाने का कहकर घर से निकली थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक-युवती ने मंगलवार रात करीब 10 बजे मक्सी रेलवे स्टेशन से एक किमी दूर उज्जैन-भोपाल लाइन पर सुसाइड किया। सूचना के बाद मक्सी जीआरपी और पुलिस मौके पर पहुंची थी। युवती के हाथ पर एक मोबाइल नंबर लिखा था, जिस पर फोन किया तो उसकी बहन ने उठाया। कपड़ों से बहन ने युवती की पहचान की। युवक के शव की स्थिति काफी खराब है, उसकी पहचान करने में काफी परेशानी आ रही थी।

# शहडोल घटना के खिलाफ पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** शहडोल जिले में हुए पटवारी की हत्या के विरोध में जिलेभर के पटवारियों में आक्रोष है, इस संबंध में पटवारी संघ के बैनरतले लामबंद पटवारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पटवारी संघ ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इस पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराने की मांग की। उन्होंने मांग की कि पटवारी को शहीद का दर्जा दिया जाए एवं अपराधियों की संपत्ति को नष्ट किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि दिवंगत पटवारी प्रसन्न सिंह पिता महेन्द्र प्रताप सिंह (भूतपूर्व सैनिक) ब्यौहारी जिला-शहडोल (मप्र) में पदस्थ थे।

25 नवंबर की रात्रि अनुविभागीय अधिकारी नरेंद्र सिंह धुर्वे एव तहसीलदार ब्यौहारी ने अन्य तीन पटवारी कल्याण सिंह, विरेश पाठक एव कामतानाथ मिश्रा को तहसीलदार को आवंटित शासकीय वाहन बोलेरो से गोपालपुर रेत के अवैध उत्खनन को रोकने तथा निगरानी के लिए स्वय न जाकर बगैर किसी पुलिस सुरक्षा के भेजा। इस प्रकार अनुविभागीय अधिकारी एव तहसीलदार ब्यौहारी ने चार पटवारियों की जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन उचित तरीके से नहीं किया। पटवारियों की सुरक्षा में अत्यंत लापरवाही बरती गई है। इसका परिणाम यह हुआ कि चारों पटवारी के पहुंचते ही रेत माफिया ने सुनियोजित तरीके से पटवारियों पर हमला किए। रेत माफिया ने गोपालपुर स्थित अवैध उत्खनन स्थल पर पटवारी प्रसन्न सिंह के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाकर निर्मम हत्या कर दी गई है।

## द्वितीय चरण की मतगणना का प्रशिक्षण आज

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशानुसार 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिए विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के पीछे लाईब्रेरी भवन (ए-ब्लॉक) के ऊपरी मंजिल में 30 नवम्बर को दो पालियों में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से सांय 6 बजे तक मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जायेगा। इस संबंध में संबंधितों को प्रशिक्षण में उपस्थित रहने हेतु सूचित किया गया है।

# बारात में डांस करने को लेकर भिड़े बाराती, मामला दर्ज

- डांस को लेकर बारातियों में हुआ बवाल, मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत जयस्तंभ चौराहे पर मंगलवार देर रात बारात में डांस करने को लेकर बाराती आपस में जमकर भिड़ गए। इस दौरान युवाओं के दो गुटों में जमकर लात-धूंसे चले।

मामले में पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर तीन युवकों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विश्वप्रताप सिंह चौहान पुत्र भीम प्रताप सिंह चौहान (25) निवासी नजूल कालोनी ने अपने दोस्त गोविंद गोस्वामी के साथ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि मंगलवार रात्रि करीबन 10 वह और उसका दोस्त सचिन साहू की बारात में शामिल होकर डांस करते जा रहे थे।

जैसे ही बरात लक्ष्मी आरा मशीन के सामने जय स्तंभ चौराहा के पास पहुंची तभी अवंतीलाल साहू, राजेन्द्र साहू, रवि साहू तीनों डांस करने पर गाली गलौंच कर लात घूसों से मारपीट की। जिससे उसके माथे, गर्दन में दोनो तरफ व सिर में पीछे तरफ चोट होकर खून निकला आया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# गाजे-बाजे के साथ निकले जिनेन्द्र के वार्षिक विमानोत्सव



**रुठियाई, देशबन्धु।** सकल दिगंबर जैन समाज रुठियाई द्वारा श्री मज्जिेन्द्र वार्षिक विमानोत्सव बुधवार को गाजे-बाजे के साथ हर्षोल्लास से निकले।

इस मौके पर एक चल समारोह नारोनी स्थित मंदिर से प्रारम्भ होकर एबी रोड, रेलवे स्टेशन, सदर बाजार से होते हुए संत निवास जिनालय पहुंचा। यहां भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के उपरांत वापस नारोनी स्थित मंदिर पहुंचा। कार्यक्रम में सौधर्म इंद्र, ईशान, माहेन्द्र कुमार एवं सनतकुमार इंद्र बने पात्रों ने श्रीजी का अभिषेक कर विश्वकल्याण की भावना के साथ शांतिधारा की गई। विमानोत्सव के दौरान युवा वर्ग द्वारा सुंदर दिव्यघोष की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान शाम को समाज का वात्साल्य भोज हुआ। जबकि रात्रि 8 बजे से सामूहिक महाआरती एवं पाठशाला परिवार रुठियाई द्वारा भव्य सास्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर रुठियाई विमानोत्सव में गुना, राघौगढ़, एनएफएल, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर, शाढ़ौरा, अशोकनगर, धरनावदा सहित अनेकों जगहों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

# नर्सरी से 8 वीं तक के स्कूलों के समय में हुआ बदलाव

## अब 31 जनवरी तक सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक लगेंगे स्कूल, डीईओ ने जारी किया आदेश

**गुना, देशबन्धु।** तेज ठंड और शीत लहर के चलते शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 8 वीं तक समस्त स्कूलों की कक्षाओं का टाईम टेबिल बदला है। जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसौदिया द्वारा बुधवार को जारी आदेश में गया कि जिले में शीत ऋतु एवं तापमान में आई गिरावट के मद्देनजर जिले के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हित में जिले में अंतर्गत संचालित शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं समस्त बोर्ड से संबंद्ध विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक के समस्त विद्यालयों का समय परिवर्तित कर प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। फिलहाल यह आदेश 31 जनवरी 2024 तक लागू रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जागरूक ग्रुप द्वारा कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की गई थी। ज्ञापन में कहा गया कि शीतकालीन मौसम प्रारंभ होने के साथ ही मौसम के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह सुबह घना कोहरा भी लगने लगा है। जिससे चलते स्कूल वाहन चालकों को भी स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि तापमान में गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ और सुरक्षा की दृष्टि से जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक समस्त शासकीय अशासकीय सीबीएसई एवं समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे से शुरू की जाए। देर शाम डीईओ ने इस संबंध में आदेश जारी कर पालकों को कुछ राहत दी है।

### कर्मचारियों का प्रशिक्षण 1 दिसम्बर को

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी, अन्य सामग्री सीलिंग में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण 1 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के सभागार में आयोजित किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

# दिनभर छाए रहे बादल, सुबह-शाम चलीं सर्द हवाए

**गुना, देशबन्धु।** नवंबर का महीना बीतने को है, पिछले तीन दिनों से मौसम ने अचानक करवट बदली और सुबह से ही बादल छाए रहने से ठंड बढ़ गई। हालांकि दोपहर में हल्की धूप निकली, लेकिन फिर बादल छा गए, जो शाम तक रहा।

इस वजह से लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास होने लगा। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़े पहनकर घरों से निकले। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस तरह के मौसम एक से दो दिन और रहने की संभावना है। दरअसल अक्तूबर के अंतिम सप्ताह और नवंबर की शुरुआत में ठंड शुरू हो जाती है, लेकिन इस वर्ष नवंबर के अंतिम सप्ताह तक सुबह और शाम ही हल्की ठंड पड़ रही थी। दिन में धूप होने से लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा था। लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से मौसम ने अचानक करवट बदली और आसमान में बादल छा गए। इसके चलते पिछले तीन दिन से लगातार तापमान गिर रहा है।

मंगलवार रात एवं बुधवार सुबह तेज सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ गई। हालांकि दोपहर बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली, लेकिन पुनः बादल छाने की वजह से ठंड बढ़ गई। इसके चलते लोग गर्म कपड़े पहनकर घर से निकले, जो लोग गर्म कपड़े नहीं पहने थे, उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। लोगों को बाजार में दुकानों पर गर्म कपड़े खरीदते देखा गया। मौसम विभाग की माने तो इस तरह के मौसम आने वाले एक से दो दिन इस तरह के मौसम रहने की संभावना है।

जूनियर रेडक्रॉस का जिला स्तरीय

# 5 दिवसीय सद्भावना शिविर का हुआ समापन



**गुना, देशबन्धु।** जूनियर रेडक्रॉस का जिला स्तरीय पांच दिवसीय सद्भावना शिविर का समापन उत्कृष्ट बालक छात्रावास में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एचएन जाटव, प्रशिक्षक मानक सिंह चौहान, सीमा सोलंकी, कुलदीप अहिरवार रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनोट के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। जूनियर रेडक्रॉस की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिविर प्रतिवेदन जिला संगठक प्रताप नारायण मिश्रा ने प्रस्तुत किया। जूनियर रेडक्रॉस द्वारा माउआ झरे, तुम्हें काका बाबा, देश भक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान आपदा के समय किस तरह से कार्य किया जाता है, इसका प्रदर्शन एक नाटक के माध्यम से जूनियर रेडक्रॉस ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एचएन जाटव ने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस एक विश्व व्यापी मंच है, जो हमेशा पीड़ित दुखी और आपदा में फंसे लोगो की सहायता करता है। सेवा के साथ-साथ मानवीय गुणों का भी विकास करता है। मंचासीन अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नेतृत्व करने वाली साजिया खान, प्रियंका धाकड़, निशा खान, मंजू साहू को उनके राष्ट्रीय शिविर में सहभागिता के प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस कांउन्सलर जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट द्वारा किया गया। आभार सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

इस शिविर को सफल बनाने में जूनियर रेडक्रॉस कांउन्सलर रवि पलिया, सुनील रघुवंशी, नीतेश जैन, राखी नामदेव, भावना भार्गव, अमित उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण साहू, विक्रम गंगवाल, हेमन्त शर्मा, आलोक चौधरी, केशव अन्नोटिया, शिवा खंगार, प्रियंका धाकड़, निशा खान, साजिया खान, मंजू साहू, शारदा धाकड़, रामकृष्ण रघुवंशी का विशेष योगदान रहा।

# मतगणना के दौरान लागू रहेगी धारा 144, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को मतदान उपरांत ईव्हीएम मशीनों को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में दृढ़ कक्ष (स्ट्रांग रूम) कायम करते हुये विधानसभा क्षेत्र 28-बमौरी, 29 -गुना, 30-चांचौडा, 31-राघौगढ़ की ईव्हीएम मशीनें मतगणना 3 दिसम्बर तक के लिये सुरक्षित संग्रहित रखी गई है। उक्त मतदान की मतगणना 3 दिसम्बर को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना परिसर क्षेत्र में कराई जाना है, मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा व्यवस्थित रूप से मतगणना कराई जाना आवश्यक है। इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी तरूण राठी द्वारा दण्ड प्रक्रिया सहिंता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतगणना सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने के लिए मतगणना के दौरान प्रतिबंधित आदेश पारित किए गए हैं।

जारी आदेश अनुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना परिसर के सौ मीटर तक के क्षेत्र (पी.जी. कॉलेज रोड पर डॉ. अम्बेडकर चौराहा के पास से आकाशवाणी केन्द्र के आगे पी.जी. कॉलेज की ओर तक) में वाहनों (शासकीय वाहनों को छोड़ कर) के प्रवेश को प्रतिबंधित करते हुए निषेधित क्षेत्र घोषित किया गया है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना परिसर के सौ मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति क्षेत्र में एक साथ न तो एकत्रित होगें और न ही आवाजाही करेंगे। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना परिसर में किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति प्रतिबंधित सामान जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट मोबाइल फोन, स्मार्ट घडियाँ, ब्लूटूथ डिवाइस, हेड फोन, पेन/ बटनहोल कैमरा, स्कैनर, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना परिसर या मतगणना भवन में धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट एवं पान तम्बाकू), माचिस, लाईटर, ज्वलनशील पदार्थ जैसे पेट्रोल, डीज़ल, मिट्टी का तेल, लकड़ी, कागज, लक्विड पेट्रोलियम गैस इत्यादि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड विधान व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। जारी आदेश मतगणना 3 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से मतगणना समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

# चीन में फैली बीमारी से मप्र में भी चेतावनी जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** चीन में छोटे बच्चों में फैल रही बीमारी निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू को लेकर मध्य प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी कर लोगों को सतर्क किया है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों पर नजर रखने को कहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.प्रभाकर तिवारी ने बताया राजधानी सहित प्रदेशभर के जिलों में अभी तक बच्चों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू का कोई मामला नहीं आया है, लेकिन सावधानी के तौर पर सभी जिलों के अस्पतालों में विशेष निगरानी रखने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश मिले हैं कि जिलों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू रोगियों के उपचार के लिए आइसोलेशन वार्ड, आक्सीजन बेड आइसीयू बेड, वेंटीलेटर और आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की जाए।

## ऐसे होगी रोगी की पहचान

चिकित्सालय व समुदाय केंद्रों के स्तर पर किसी भी प्रकार की सांस से संबंधित बीमारी, इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले रोगियों की निगरानी कर जानकारी केंद्र सरकार के अधिकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल पर देनी होगी। लक्षणों से ग्रसित रोगियों के नाक व गले का स्वाब जांच के लिए नजदीकी मेडिकल कालेज में भेजा जाएगा। वहीं, अगर एक ही जगह इस प्रकार के कई रोगी पाए जाते है तो जांच दल मौके पर जाकर पूरे इलाके की जांच करेगा। इसको लेकर सभी अस्पतालों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# टायर फटने के बाद मार्ग विभाजक से टकराई कार, चालक की मौत

## विमानतल से लौटते समय हुआ हादसा



**भोपाल, देशबन्धु।** खानूगांव में चौराहा के नजदीक स्विफ्ट डिजायर कार का टायर फट गया। इससे कार अनियंत्रित होने के बाद एक मार्ग विभाजक से टकरा गई। इस हादसे में चालक को अंदरुनी चोटें आई थीं। राहगीरों ने उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इमरान खान पुत्र लाल मियां उम्र 48 वर्ष निवासी नारियलखेड़ा मंडीदीप की क्राउंटेन कंपनी की कार के चालक थे। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे वे घर से निकले थे और फिर कंपनी के एक कर्मचारी को वें छोड़ने गए थे। वहां से लौटते समय वीआईपी मार्ग खानू गांव पर उनकी कार का टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होने के बाद मार्ग विभाजक से टकरा गई थी। उनके शरीर पर कोई ऊपरी चोट नहीं थी। राहगीरों ने उन्हें बेहोशी की हालत में हादसे के बाद हमीदिया अस्पताल में पहुंचाया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची कोहेफिजा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के के लिए पहुंचाया वहीं दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के साले वसीम अख्तर ने बताया कि इमरान के दो बेटे और एक बेटी हैं।

# जैन मंदिर से 50 छत्र और अष्टधातु की मूर्ति ले गए चोर

## तीन दिन में दूसरे जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात



जैन मंदिर में चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के आसपास के जैन मंदिर शातिर बदमाशों के निशाने पर है। तीन दिन में बदमाशों द्वारा दो जैन मंदिरों को निशाना बनाया जा चुका है। अज्ञात बदमाश मंदिर में रखी दानपेटियों के अलावा भगवान की अष्टधातु की प्रतिमाएं और अन्य कीमती सामान भी चुरा रहे हैं। नीलबड़ के बाद मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात शातिर बदमाश सूखीसेवनिया के जैन मंदिर में मुख्य द्वार पर लगे ताले तोड़कर घुसे और 12 किग्रा वजनी देव प्रतिमा और करीब 50 चांदी के छत्र चोरी करके ले गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सूखी सेवनिया रेलवे स्टेशन के करीब स्थित अहिंसा स्थली कालोनी में दिगंबर जैन मंदिर है, जहां बदमाशों ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सेंध लगाई। शातिर बदमाश मंदिर के मुख्य द्वार के ताले तोड़कर घुसे और 12 किलो वजनी देव प्रतिमा और करीब 50 चांदी के छत्र चोरी करके ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई जा रही है। मंदिर में चोरी की शिकायत मुकेश जैन ने बुधवार सुबह पुलिस में की। सूचना मिलने पर पुलिस और फारेंसिक टीम ने मंदिर में जाकर जांच की तो मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की करतूत दिखाई दी। कैमरों में कैद तस्वीरों में तीन बदमाश रात तकरीबन पौने तीन बजे मंदिर में घुसते और चोरी करते नजर आ रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस की अब तब की जांच में सामने आया है कि बदमाश वारदात करने के लिए पीछे की तरफ से कालोनी में घुसे थे। जहां कालोनी के अंदर अवांछित तत्वों को घुसने से रोकने के लिए रहवासियों ने एक जाली लगा रखी थी। बदमाशों ने जाली को कटर से कटकर अलग कर दिया था। उसके बाद मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे पांच ताले तोड़े और चोरी की वारदात की । उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले ही नीलबड़ इलाके में जैन मंदिर की चोरी में अष्टधातु की करीब सात इंच ऊंची मूर्ति का चोरी हुई थी, उसका वजन करीब सात से आठ किलो था। मंदिरों में चोरी की बढ़ती वारदातों से पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। चूंकि दोनों ही चोरी की वारदात में बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# थाने से चकमा देकर फरार हुए कैदी का नहीं लगा सुराग



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के बैरागढ़ थाने से पुलिस को चकमा देकर फरार हुए बंदी का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस घटना के बाद से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा है। इस मामले में एक आरक्षक को निलंबित किया जा चुका है। लेकिन आला अधिकारियों ने इस मामले में लापरवाह अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैरागढ़ थाने से फरार हुआ कैदी राजकुमार अहिरवार ग्यारसपुर, विदिशा का रहने वाला है। वह आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ गंजबासौदा, विदिशा, सीहोर, भोपाल में मामले दर्ज हैं। फिलहाल वह सीहोर कोतवाली में दर्ज मामले को लेकर सीहोर जेल में बंद था। भोपाल की बैरागढ़ पुलिस धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में शनिवार को उसे जेल से प्रोडक्शन वारंट पर थाने लाई थी। रविवार सुबह थाने की बिजली गुल होने का फायदा उठाकर कैदी राजकुमार संतरी को चकमा देकर बैरागढ़ थाने से भाग गया था। इस मामले में एक आरक्षक आशीष रावत को निलंबित किया जा चुका है। फिलहाल भोपाल पुलिस सीहोर ग्यारसपुर सहित अन्य जगहों पर फरार कैदी की तलाश की जा रही है।

# बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना घोषित की है। बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। बिजली के अवैध उपयोग, चोरी के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित अथवा दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा।

# 24 घंटे में शहर से 11 दोपहिया वाहन चोरी

## चोरों के हौसले है बुलंद

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के भीतर लगातार वाहन चोरी की घटनाएं हो रही है। तमाम प्रयासों के बाद भी पुलिस इन चोरियों को रोक नहीं पा रही है। अस्पताल की पार्किंग, बाजार और दुकानों के सामने से भी वाहन चोरी हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले 24 घंटे के भीतर 11 वाहन चोरी की वारदात हो गईं। चोरी गए वाहनों की कीमत करीब चार लाख है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में हबीबगंज, एमपीनगर, अयोध्या नगर, कोतवाली, कोहेफिजा, शाहजहांनाबाद, हनुमानगंज, कोलार, निशातपुरा और छोला मंदिर से वाहन चोरी हुए हैं। इसमें से पुलिस को एक भी वाहन चोरी का सुराग नहीं लग पाया है। गौरतलब है कि इन थाना क्षेत्रों में पिछले दिनों में लगातार वाहन चोरी की वारदात बढ़ गई है। हालांकि पुलिस ने बीच में पुलिस की गश्त बढ़ाई थी और लोगों को वाहनों की सुरक्षा को सावधानी बरतने के लिए कहा है। पुलिस को आशंका है कि शातिर वाहन चोर रायसेन और सीहोर जैसे नजदीकी शहरों से वाहन चोरी करने आ रहे हैं और वाहन चोरी करने के बाद आसानी से फरार हो जाते हैं। चोरी के वाहन को वह पार्किंग में या सड़क किनारे झाडियों में छिपाकर रखते हैं। उनकी तलाश की जा रही है। उधर क्राइम ब्रांच भी अब वाहन चोरों की तलाश में लगी है। क्राइम ब्रांच ने 50 के करीब पुराने वाहनों चोरों पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द से जल्द इन वाहन चोरी की वारदात करने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है।

## सेंस आफ क्राइम पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

# पीड़ितों को न्याय और अपराधियों को सजा दिलाना महत्वपूर्णः डॉ. शर्मा



**भोपाल, देशबन्धु।** अपराधों के अनुसंधान में अधिकारियों और विवेचकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय सभागार में नगरीय पुलिस भोपाल के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को एक दिवसीय कार्यशाला में सेंस ऑफ क्राइम पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक राज्य फोरेंसिक मध्यप्रदेश सेवानिवृत संचालक डॉ. हर्ष शर्मा ने बताया कि एक अनुसंधानकर्ता को गंभीर अपराधों मे घटना स्थल पर क्या-क्या साक्ष्य मिल सकते हैं, उन्हें कब और कैसे संरक्षित करना है। अपराध स्थल का निरीक्षण करते समय उन्हें संवेदनशीलता से एवं विवेकपूर्ण तरीके से क्या-क्या महत्वपूर्ण सावधानियां बरती जानी चाहिए, ताकि पीड़ित को न्याय एवं गुनाहगारों को सजा दिलाई जा सके। डॉ. शर्मा ने हत्या, दुष्कर्म, चोरी, लूट एवं डकैती समेत अनेक मामलों में विभिन्न तथ्यों एवं साक्ष्य के आधार में मामलों के पर्दाफाश करने तथा अपराधियों को सजा दिलाने में पुलिस को मिली सफ़लता के बारे मे व्यावहारिक उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 40 वर्ष की सेवा अवधि में लगभग 4 हजार केस साल्व किए गए, जिनमें केवल अपराध स्थल से मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य के आधार पर पीड़ित को न्याय एवं अपराधियों को दण्ड मिल सका। डॉ0 शर्मा प्रदेश में ही नहीं ब्लकि अन्य प्रदेशों एवं विदेशों में भी पर प्रशिक्षण देते हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी द्वारा समस्त अधिकारियों को व्यावहारिक उदाहरण देते हुए उत्कृष्ठ अनुसंधानकर्ता बनने हेतु अपराध स्थल का गंभीरता एवं विवेकपूर्ण तरीके से निरीक्षण, साक्ष्य संरक्षण इत्यादि विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

# संदिग्ध हालत में आग से झुलसा वृद्ध

## छोटे भाई और भतीजे समेत 3 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के बिलखिरिया इलाके में कोकता के मरघट के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति संदिग्ध हालत में आज से झुलस गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग के बयानों के आधार पर पुलिस ने उसके छोटे भाई, भतीजे और बहू के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक हरिकिशन अहिरवार उम्र 60 वर्ष कोलार रोड पर रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। उनका छोटा भाई मोहनदास अहिरवार कोकता नंबर एक, मरघट के पास बिलखिरिया में रहता है और मजदूरी करता है। दोनों भाइयों के बीच पैसों को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। बीती शाम करीब सात बजे हरिकिशन छोटे भाई के पास पहुंचा था, तभी वह संदिग्ध रूप से आग से झुलस गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहसीलदार को दिये मरणासन्न बयान में हरिकिशन ने छोटे भाई मोहनदास, बहू शीलाबाई और भतीजे आजाद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की बात कही, जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि गिरफ्त में आने के बाद आरोपियों का कहना था कि उन्होंने घटना को अंजाम नहीं दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विभिन्न कलाओं में पारंगत होंगे युवा,13 संस्थानों में मिलेगा प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से कला प्रशिक्षण फैलोशिप आरंभ की जा रही है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में कला के किसी पर रूप में रुचि रखने वाले युवाओं को कला प्रशिक्षण संबंधित जिले के संस्थानों में दिया जाएगा। इसके लिए दस हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति भी निर्धारित की गई है। इसके आवेदन जल्द आरंभ होने वाले हैं।

संस्कृति विभाग के संचालक अदीति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कला एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए तीन महीने की इस फैलोशिप में प्रदेश के सभी 53 जिलों से 35 वर्ष तक की आयु वाले युवा कलाकारों का चयन किया जाएगा प्रत्येक जिले के कम से कम दस युवाओं को देश के ख्यातिलब्ध कलाकार उन्हें गायन, वादन, नृत्य, नाट्य, चित्र या शिल्प आदि कलाओं का प्रशिक्षण देंगे और गायन, वादन, नृत्य, नाट्य, चित्र या शिल्प आदि में पारंगत किया जाएगा। इससे युवा कलाकार न सिर्फ अपनी रूचि की विधा में पारंगत होंगे, बल्कि उनके लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। फिलहाल फैलोशिप का खाका तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी शासकीय कला एवं संगीत संस्थानों में सीटों के आवंटन पर काम चल रहा है। संभवत: नवंबर से प्रशिक्षण आरंभ हो जाएगा।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि नृत्य-नाट्य सहित विभिन्न कलाओं में अक्सर शहरों के कलाकारों के नाम सामने आते हैं, ऐसे में सभी जिलों के युवाओं को समानता से अवसर प्रदान करने की यह योजना छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आकर्षित करेगी।

## इन संस्थानों में मिलेगा प्रशिक्षण

शासकीय संगीत महाविद्यालय ग्वालियर में नृत्य, गायन, वादन (सितार, तबला, वेला), शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर में गायन, वादन (तबला), शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय उज्जैन में गायन, वादन (तबला, सितार, हारमोनियन, वायलिन, सारंगी), नृत्य (कथक) शासकीय संगीत महाविद्यालय मंदसौर में नृत्य, गायन, वादन (तबला, वायलिन, शासकीय संगीत महाविद्यालय धार में गायन, वादन (तबला, वायलिन), शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में गायन, वादन (वायलिन, सितार, सरोद, तबला), नृत्य (कथक), शासकीय संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में नृत्य, गायन, वादन (तबला, वायलिन), शासकीय ललित कला महाविद्यालय ग्वालियर में शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला), शासकीय ललित कला महाविद्यालय इंदौर में शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला), शासकीय ललित कला महाविद्यालय धार में शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला), शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर में शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला), शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालय खंडवा में गायन, वादन (तबला, सितार, हारमोनियम, वायलिन), नृत्य (कथक) शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला), मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल में नाट्य कर्म का प्रशिक्षण मिलेगा।

# दोषी ने एसबीआई कर्मियों को बताया खुली आंखों से सपने देखने का महत्व




**भोपाल, देशबन्धु।** कई दशकों से देश के करोड़ो श्रोताओं तक अपनी विलक्षण शैली में क्रिकेट का आंखो देखा हाल पहुँचाने वाले, पद्मश्री सुशील दोशी ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई)के स्थानीय प्रधान कार्यालय के स्टाफ सदस्यों से खास बातचीत की।

श्री दोशी ने अपने सम्बोधन मे बैंक कर्मियों को खुली आंखो से सपने देखने का महत्व बताया। इस श्रंखला मे उन्होंने विराट कोहली, सुनील गावस्कर, चेतन चौहान एवं कपिल देव जैसे प्रसिद्ध खिलाड़ियों के जीवन अनुभव भी साझा किए । इन खिलाड़ियों के जीवन संघर्ष की कथाओं के माध्यम से उन्होंने सफलता की तीन विशेष कुंजी प्रतिबद्धता, एकजुटता और समर्पण के महत्व को रेखांकित किया। श्री दोशी ने उपस्थित स्टेट बैंक अधिकारियों को अपने एवं कई प्रसिद्ध खिलाड़ियो, खेल प्रबन्धको, कप्तानों के खेल जीवन से प्रेरणा लेकर कैसे टीम का निर्माण किया जाए एवं नेतृत्व क्षमता विकसित की जाए इस पर भी अपने विचार रखे।

प्रारंभ में एसबीआई भोपाल सर्कल के उप प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार मिश्रा ने श्री दोशी का स्वागत करते हुए क्रिकेट की बारीकियों और रोमांच को देश के जन-जन की भाषा, हिन्दी के माध्यम से करोड़ो देशवासियों तक पहुंचाने के महती कार्य की शुरुआत करने के लिए उनकी अत्यंत सराहना की एवं श्री दोशी की जादुई आवाज़ की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर स्टेट बैंक के भोपाल सर्कल के महाप्रबंधक नीरज प्रसाद, कुन्दन ज्योति, अजिताभ पाराशर के साथ उपप्रबन्धक एवं मण्डल विकास अधिकारी दीपक कुमार झा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ट्रिपल टेस्टिंग से रोका जा सकता है बीमारियों का संक्रमण

## हेपेटाइटिस, सिफलिस एवं एचआईवी पर एम्स में हुआ प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** एम्स चिकित्सालय में बुधवार को राष्ट्रीय हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुद्रायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए हेपेटाइटिस, सिफलिस एवं एचआईवी प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में गंभीर बीमारियों से बचाव, ट्रिपल टेस्टिंग और इलाज के संबंध में जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण में एम्स के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभिषेक सिंघई ने बताया कि हेपेटाईटिस एक वायरल संक्रमण है, जो लीवर को संक्रमित करता है। हेपेटाईटिस बी के मरीज़ों में वर्षों तक कोई लक्षण प्रगट नहीं होते हैं। इसलिए समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श अनुसार जांच करवाना बेहद आवश्यक है। हेपेटाईटिस बी होने पर शरीर में दर्द, पीलिया, पेट में पानी भर जाना, लीवर में दर्द होना, खून की उल्टियां होना, भूख ना लगना, पेट में सूजन आना जैसे लक्षण हो सकते हैं।

वहीं माइक्रोलॉजी विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डॉ. शाश्वती नेमा ने बताया कि एचआईवी संक्रमण,असुरक्षित यौन संबंध, असुरक्षित समलैंगिग संबंध, संक्रमित इंजेक्शन, संक्रमित खून से होता है। एचआईवी के प्रसार को रोकने के लिए उच्च लक्षणों वालों को लक्षित करने का प्रयास जरूरी हैं। सीएफएम विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने सिफलिस के लक्षणों, जांच और उपचार के बारे में जानकारी दी।

वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि हेपेटाईटिस बी, एच आई वी संक्रमित मां से, गर्भस्थ शिशु में संक्रमण पहुंचने की संभावना होती है। इसके लिए भोपाल जिले ने सर्वप्रथम ट्रिपल टेस्टिंग की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं में हेपेटाईटिस बी , एचआईवी, सिफलिस की जांच अनिवार्य रूप से की जा रही है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 20 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें 71 गर्भवती महिलाओं सहित कुल 226 लोग हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव पाए गए हैं। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में हेपेटाइटिस एचआईवी एवं सिफलिस की जांच एवं उपचार नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# चिकित्सकों और नर्सिंग अफसरों को पेलिएटिव केयर पर प्रशिक्षण आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** पेलिएटिव केयर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन एम्स चिकित्सालय में किया जा रहा है। 30 नवंबर और एक दिसंबर को आयोजित प्रशिक्षण में कैंसर मरीजों के लिए पैलिएटिव केयर के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण एम्स अस्पताल के कैंसर विभाग, रेडियोथैरेपी विभाग, एनेस्थीसिया, मेडिसिन, सायकेट्री विभाग के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफिसर सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षण में कैंसर मरीज को होने वाली समस्याओं, दर्द के प्रकार, उनकी पहचान और प्रबंधन, गांठ या घाव की देखभाल के बारे में जानकारी दी जाएगी। चिकित्सा स्टाफ और मरीज के परिजनों को कैंसर मरीजों की देखभाल, मानसिक और भावनात्मक सहयोग, गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए सकारात्मक वातावरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 30 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## इन चुनावों से खुलेंगी नयी राहें

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में दक्षिणी राज्य तेलंगाना में गुरुवार को मतदान हो जाने के बाद अब सीधे अगले वर्ष के मध्य में लोकसभा के चुनाव होंगे। जैसा सियासी माहौल प्रचार अभियानों के दौरान नज़र आया और विश्लेषकों को महसूस हुआ है उससे यह राय सहज ही बन रही है कि इन राज्यों के मतदान के जो परिणाम 3 दिसम्बर को आएंगे उनसे जनता के समक्ष नयी राहें खुलने जा रही हैं जो मौजूदा परिस्थितियों से देश को निकालने में सक्षम होंगी।

वैसे तो एक संघीय ढांचे के अंतर्गत हर स्तर के चुनावों का अपना महत्व होता है; चाहे वह स्थानीय निकायों का ही क्यों न हो, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में अराजकता का माहौल पैदा किया है उससे यह बात तो साफ हो गयी है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। वैसे तो 2014 में पहली बार पीएम बनने के बाद से ही मोदी ने सारी ताकत अपने हाथों में लेकर जनता पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था, लेकिन उनका और भी अलोकतांत्रिक व्यवहार दूसरी बार अधिक विशाल बहुमत प्राप्त करने के बाद और भी बड़े स्वरूप में देखने को मिला। जितना खुलकर उन्होंने विपक्षी सरकारों को अस्थिर या परेशान किया, वैसा कभी भी भारत में देखने को नहीं मिला था। उनका 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा कब 'विपक्ष मुक्त भारत' में बदल गया, पता भी नहीं चला। इस अलोकतांत्रिक नारे को उन्होंने ऐसा लोकप्रिय बना दिया कि लोग विधायकों की खरीद-फरोख्त कर या डरा-धमकाकर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की काली करतूतों को 'चाणक्यगिरी' या 'ऑपरेशन लोटस' का नाम देकर महिमामंडित करने लगे।

यह ऐसा भी समय है जब मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का खुला उपयोग विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये किया जा रहा है। इन एजेंसियों के लिये सम्भवत: स्पष्ट निर्देश हैं कि उनकी कार्रवाइयां केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही होनी हैं। भाजपा व उनके समर्थक दलों व लोगों की ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें से एक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप की ओर से 508 करोड़ रुपये देने का आरोप लगाया गया तो वहीं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री के पुत्र, जो दिल्ली से आकर विधायकी का चुनाव लड़ रहे हैं, वीडियो पर 100 और 500 करोड़ रुपयों की डील करते दिखते हैं। उनके घर पर प्रवर्तन निदेशालय, आयकर या सीबीआई के अधिकारी नहीं पहुंचते। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका एक तरह से भाजपा को मदद देने मात्र की रह गई है।

इन पांच राज्यों के चुनावों में, खासकर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलने की भी कोशिश हुई जो नाकाम रही। उसके मुकाबले जनहित के मुद्दे हावी रहे। यहां तक कि विकास की चर्चा से दूर भागने वाली भाजपा को इन तीनों प्रदेशों में चुनाव जीतने के लिये वादों और गारंटियों की बात करनी पड़ी। उसे शिक्षा, रोजगार, खेती-किसानी, स्वास्थ्य आदि को भी अपने घोषणापत्रों में शामिल करना पड़ा जो उसकी परम्परा के अनुकूल नहीं है- खासकर हाल के वर्षों में। उम्मीद है कि अगर इन राज्यों में भाजपा की हार होती है, जिसके अनुमान कई विश्लेषक, सर्वेक्षण आदि कर रहे हैं, तो भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में नये सिरे से मुद्दों की तलाश करनी होगी। हालांकि अयोध्या के नवनिर्मित राममंदिर को बेशक मुद्दा बनाया जायेगा जिसका उद्‌घाटन मोदी के हाथों 22 जनवरी को होने जा रहा है। फिर भी वर्तमान राजनैतिक माहौल में लगता है कि जनता इसे विशेष तवज्जो नहीं देगी तथा इन्हीं चुनावों के नतीजे राममंदिर मुद्दे को पहले से ही बेअसर कर देंगे।

इसी सम्भावित पराजय के कारण इन राज्यों के पूरे प्रचार अभियान के दौरान बौखलाई भाजपा एवं मोदी कांग्रेस, विशेषकर उसके प्रमुख नेता राहुल गांधी को अपने खास निशाने पर लेते रहे। उनके लिये अपशब्दों के जरिये अपमान होता रहा, लेकिन पिछले साल की 7 सितम्बर से इस वर्ष 30 जनवरी तक राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने जो परिदृश्य बदला है, उसके कारण लोगों का उनसे बड़े पैमाने पर जुड़ाव हुआ। उनका लोगों से नये सिरे से परिचय हुआ और इसी दौरान मोदी का असली रूप भी सामने आने लगा। उनकी हर मोर्चे पर नाकामी, कारोबारी गौतम अदानी व मुकेश अंबानी की उनके साथ मित्रता आदि ऐसे अनेक मुद्दे सामने आये जिसने मोदी की मेहनत व करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई छवि को ध्वस्त कर रख दिया।

इन चुनावों ने राहुल व कांग्रेस को बहुत सशक्त एवं एकजुट किया है। कुछ राज्यों में उनके नेताओं के बीच जो मतभेद थे वे भी जीत की प्रत्याशा में समाप्त हो गये। इसके विपरीत यह भी आशंका है कि जिस तरह से भाजपा की बड़ी पराजय के अनुमान लगाये जा रहे हैं, उससे खुद मोदी को अगले प्रधानमंत्री पद की दावेदारी प्रस्तुत करने में दिक्कत आ सकती है क्योंकि उनके साथ या उनके चेहरे पर चुनाव लड़ने में उनकी पार्टी के ही नेता व सांसद परहेज कर सकते हैं। कांग्रेस और उसके नेतृत्व में बना संयुक्त प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों उत्साहित हैं। इंडिया व भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच आमने-सामने का पहला मुकाबला भी अगले लोकसभा चुनावों में होगा। सम्भवत: इन चुनावों के परिणामों से भारतीय जनतंत्र की नयी राहें खुल सकती हैं।

## बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपने उपन्यास एनिमल फॉर्म में जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा है- ऑल एनिमल्स आर इक्वल, बट सम एनिमल्स आर मोर इक्वल दैन अदर्स। यानी सभी जानवर समान हैं, लेकिन कुछ जानवर दूसरों की तुलना में अधिक समान हैं। बराबरी के दिखावे पर यह अनुपम उदाहरण सोशल मीडिया साइट एक्स की एक पोस्ट को देखकर याद आया। इसमें एक नोटिस की तस्वीर शेयर की गई थी। नोटिस में अंग्रेजी में लिखा था- हाउस मेड्स, डिलीवरी ब्वॉयज़, एंड वर्कर्स शुड नॉट यूज़ पैसेंजर्स लिफ्ट. इन केस दे आर कॉट, दे विल बी फाइन्ड रू. 1000. ये किस शहर और किस सोसाइटी में लगा हुआ नोटिस है, ये तो पता नहीं, और ये भी कहना कठिन है कि जिन लोगों के लिए यह गैरकानूनी नोटिस चिपकाया गया है, उनमें से कितनों को इसकी भाषा समझ आई होगी। यह नोटिस अंग्रेजी में है, और देश के कामगार तबके के अधिकतर लोग प्रांतीय भाषाओं और बोलियों को ही जानते हैं। इस नोटिस को जिस किसी ने भी तैयार किया है, उसने किस आधार पर पकड़े जाने पर एक हजार रूपए के जुर्माने की बात लिखी है, यह भी समझ से परे है। क्योंकि लिफ्ट में जाना कोई कानूनन अपराध नहीं है। पकड़े जाने जैसी शब्दावली ऐसे लग रही है, मानो चोरी या कत्ल करते हुए कोई पकड़ा गया है। वैसे इस चेतावनीनुमा नोटिस में जो कुछ भी लिखा है, वो नए भारत का कड़वा सच है। करीब 12-15 पहले खबर पढ़ी थी कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों का गढ़ बन चुके गुड़गांव की एक बहुमंजिला इमारत में घरेलू सहायकों और कुत्तों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था की गई है और वहां रहने वाले बाशिंदों के लिए अलग लिफ्ट है। तब देश में यूपीए सरकार थी और मीडिया उद्योगपतियों का पूरी तरह से गुलाम नहीं बना था, इसलिए ऐसी खबरें अखबारों में छप जाया करती थीं। हालांकि समाज में भेदभाव तब भी मौजूद था, अब भी उतनी ही सघनता से विद्यमान है। फर्क इतना ही है कि अब जैसे ही मौका मिलता है, भेदभाव तरल होकर समाज में खुल कर बहने भी लगता है। एक दशक पहले तक समाज में इंसानियत के लिहाज की मात्रा थोड़ी अधिक थी, आंखों में शर्म थोड़ी बहुत दिख जाती थी। अब वह सब बड़ी तेजी से विलुप्त होता जा रहा है। बिल्कुल आयातित चीतों की तरह।

बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं। यह तथ्य पता नहीं कितने लोगों को याद है कि देश में कोरोना का प्रवेश हवाई यात्रा करने वालों की बदौलत हुआ है। यह भी सोचने की बात है कि आखिर किन कारणों से झुग्गी-झोपड़ियों या निचली बस्तियों में गंदगी और बीमारी फैलती है। क्यों वहां के लोग अच्छी हवा और पानी से वंचित रहते हैं। कौन उनके हक को मारकर अपनी जेबें और कोठियां भर रहा है। चंद लोगों के विलासितापूर्ण जीवन का भुगतान लाखों लोगों को क्यों करना पड़ रहा है। ऐसे सवाल समाज में अक्सर असुविधा पैदा कर देते हैं, इनके जवाब ढूंढने में खुद का सामना आईने से हो जाता है। इसलिए बेहतर यही होता है कि ऐसे मामलों की तह में जाएं ही नहीं और जैसा चल रहा है, वैसा ही चलने दें। जब देश गुलाम था, तब लोगों को खरीदने-बेचने का चलन था, दास प्रथा चलती थी, निचली जाति या हैसियत के लोगों को धन और सत्ता की शक्ति से संपन्न लोगों की चाकरी करनी पड़ती थी। देश आजाद हो गया, तो संविधान निर्माताओं ने भारत की इस सामाजिक सच्चाई को समझते हुए नियम-कानून बनाए। सबके लिए बराबरी का अधिकार निश्चित किया। हालांकि वे भी जानते थे कि भारत अपनी भेदभाव वाली मानसिकता से इतनी जल्दी नहीं उबर पाएगा, फिर भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी ओर से नए भारत को जो बेहतरीन तोहफा दे सकते थे, वो संविधान के रूप में दिया। अफसोस ये है कि इस संविधान का पूरा लाभ उन नागरिकों को ही नहीं मिल रहा है, जिन्हें खास तौर पर ध्यान में रखते हुए बराबरी के अधिकार को शामिल किया गया है। चाकरी, गुलामी, दासता, जो कह लें, शक्तिशाली और प्रभावशाली लोगों की बदौलत अब भी समाज में विद्यमान हैं।

> **बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं।**

तीन दिन पहले ही देश की सरकार ने संविधान दिवस मनाया है। मोदी सरकार के आने के बाद से 26 जनवरी के साथ-साथ 26 नवंबर का महत्व भी बढ़ा दिया गया है। इस बार तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन मन की बात भी की, क्योंकि महीने का आखिरी रविवार था। खैर, 26 नवंबर के ही दिन हमारे रिहायशी इलाके के व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक चर्चा छिड़ी, जिसमें इस बात पर कुछ लोगों ने आपत्ति जतलाई कि सोसाइटी परिसर के भीतर मौजूद ब्यूटी पार्लर में घर में काम करने वाली मेड्स यानी सहायिकाओं को क्यों प्रवेश दिया जा रहा है। बाकायदा सवाल उठाया गया कि फेशियल, मेनिक्योर, पेडिक्योर या बाल कटवाने के लिए ये सहायिकाएं उस पार्लर में कैसे जा सकती हैं, और इनके पास इतने पैसे कहां से आते हैं कि ये पार्लर का खर्च उठा सकें। कुछ लोगों ने यह मांग भी उठाई कि पार्लर के मालिक के खिलाफ शिकायत कर इसे बंद करवाना चाहिए। इस सवाल को देखकर मन भीतर तक वितृष्णा से भर उठा कि आखिर सभ्य समाज में रहने वाला इंसान इतनी गिरी हुई सोच कैसे ला सकता है और इतना दुस्साहस कैसे जुटा सकता है कि ऐसे सवाल उठाए। हालांकि ये देखकर संतोष हुआ कि कुछ लोगों ने फौरन ऐसे सवाल का प्रतिवाद किया और पूछा कि हम इन मेड्स से अपना घर साफ करवा सकते हैं, इनका बनाया भोजन ग्रहण कर सकते हैं, अपने बच्चों को इनके भरोसे छोड़ सकते हैं, लेकिन अगर ये अपने सौंदर्य पर अपने पैसे खर्च करना चाहें और संपन्न घरों की महिलाओं की तरह पार्लर में जाएं, तो किसी को तकलीफ क्यों होनी चाहिए।

कामगारों के लिए अलग लिफ्ट से होते हुए बात पार्लर जाने पर आपत्ति तक पहुंच गई, लेकिन मूल सवाल वही बना हुआ है कि आखिर धर्म, जाति, नस्ल और आर्थिक स्थिति का यह भेदभाव किस तरह खत्म होगा। संविधान ने केवल रास्ता दिखाया है, उस पर चलने की इच्छाशक्ति समाज को ही दिखानी होगी। फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन का एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था, जिसमें वे एक बिल्डिंग को खरीदते हैं और कहते हैं कि आपने इसके 10 लाख रूपए और मांगे होते तो भी मैं दे देता। आज से बीस बरस पहले जब ये बिल्डिंग बन रही थी, तो मेरी मां ने इसमें ईंटें उठाई थीं। आज मैं ये बिल्डिंग अपनी मां को तोहफे में देने जा रहा हूं। अब जिंदगी तो कोई फिल्म नहीं है, जिसमें इस तरह के संवाद कहने-सुनने मिलें। ऊंची इमारतों से लेकर, चौड़ी सड़कों और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग तक, सबमें मजदूरों का खून-पसीना लगा होता है। एक बार निर्माण हो जाने के बाद इन पर पूंजीपतियों का कब्जा हो जाता है। मजदूर न लाखों-करोड़ों के घरों में कभी रह पाते हैं, न इन सड़कों पर रफ्तार भरने वाली गाड़ियों पर सवार हो पाते हैं। उन्हें उनकी मजदूरी के अतिरिक्त कोई तोहफा भी नहीं मिलने वाला। लेकिन संविधान में उनको जिस बराबरी का हक मिला हुआ है, उसे किसी भी तरह न मारा जाए, इतना ही ध्यान समाज रख ले तो गैरबराबरी दूर करने में यह बड़ा कदम होगा। फिर किसी बेटे को अपनी मां को तोहफा देने के लिए बेईमानी की राह पर नहीं चलना पड़ेगा।

## तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस

■ कल्याणी शंकर

जैसे-जैसे तेलंगाना चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंचा, भारत का सबसे युवा राज्य त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

2014 में अपनी स्थापना के बाद से बी.आर.एस. प्रमुख के.चंद्रशेखर राव शीर्ष पर रहे हैं। वह हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। हालांकि, सत्ता विरोधी लहर उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। अलग तेलंगाना आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के बावजूद, उन्हें विभिन्न कारणों से लोकप्रियता में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

2018 में, आश्चर्यजनक रूप से, चुनावों को समय से पहले रखते हुए, टी.आर.एस. 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने 19 और ए.आई.एम.आई.एम. ने 7 सीटें जीती थीं। वर्तमान में बी.आर.एस. अन्य दलों को तोड़कर कुल 99 सीटें बना चुकी हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। ए.आई.एम.आई.एम. और भाजपा के पास क्रमश: 7 और 6 विधायक हैं।

केसीआर ने अपने बेटे और बेटी सहित अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे, केटी रामा राव, उपमुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी, कविता, एक सांसद हैं, और उनका भतीजा एक मंत्री है।

राव के पास अपने और अपने परिवार के लिए बड़ी योजनाएं हैं। जीतने के बाद, वह अपने बेटे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। राज्य स्तर के राजनेता होने से संतुष्ट नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति पर अपनी नजरें जमा ली हैं।

> **भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है।**

पहले कदम के रूप में, केसीआर ने पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया, जो अधिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण की ओर बदलाव का संकेत है।

राव ने पिछले दशक में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा और जिंजर ग्रुप बनाने का प्रयास किया था, लेकिन कोई उन्हें गंभीरता से लेने वाला नहीं था। नवगठित विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भाजपा को चुनौती देने के अपने उद्देश्य के बावजूद, अभी तक केसीआर को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। उनका आरोप है कि केसीआर भाजपा की बी टीम है।

यह चुनाव तीन प्राथमिक खिलाड़ियों के लिए एक सफल क्षण है, क्योंकि भाजपा तेलंगाना को दक्षिणी राजनीति में लाभ पाने के एक अवसर के रूप में देखता है। नतीजे निस्संदेह अगले साल के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे।

तेलुगु देशम पार्टी (टी.डी.पी.) एक समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक खिलाड़ी थी, लेकिन पिछले दशक में कमजोर हो गई है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है और बी.आर.एस. के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है।

राज्य में मुख्य विपक्षी दल बनने का भाजपा का लक्ष्य दूर की कौड़ी है। नगर निगम चुनाव में सुधार के बावजूद अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार जीतने के अलावा, भाजपा का एन.आर. कांग्रेस के साथ गठबंधन को छोड़कर, दक्षिण भारत में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं है। भाजपा उत्तर में किसी भी संभावित नुकसान को संतुलित करने के लिए दक्षिण में अधिक सीटें हासिल करने का इरादा रखती है, जहां उनका विस्तार पहले से ही अपने चरम पर है।

कांग्रेस को 2014 में दबाव में आकर आंध्र प्रदेश को बांटने का अफसोस है। हैरानी की बात यह है कि यह कदम उल्टा पड़ गया क्योंकि लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया और तेलंगाना में टी.आर.एस. तथा आंध्र प्रदेश में वाई.एस.आर.सी.पी. को अपना लिया।

केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों, गजवेल और कामारेड्डी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गजवेल में उनका मुकाबला बी.आर.एस. के एक बागी से है, जबकि कामारेड्डी में उनका मुकाबला कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी से होगा। उन्होंने जोखिम लेने के बावजूद पार्टी में किसी भी विद्रोह से बचने के लिए सभी मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों को बरकरार रखा है।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी प्रतियोगिता में सबसे आगे है, उसके बाद बी.आर.एस. और भाजपा। बी.आर.एस. की पिछली बार की तुलना में कम सीटें जीतने की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है। ए.आई.एम. आई.एम., जिसकी सीमित उपस्थिति है, वही सीटें बरकरार रख सकती है। कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार एक या दो सीटें जीत सकते हैं। भाजपा के चौथे स्थान पर रहने की उम्मीद है।

केसीआर का मानना है कि उनके काम से उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई और कृषि के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित किया है। गूगल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 2014 से पहले भी हैदराबाद में निवेश किया है। तेलंगाना की जी.डी.पी. दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। लेकिन नकदी से समृद्ध राज्य पर भारी कर्ज का बोझ है।

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं।

रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं का दिल जीतने के लिए छह लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की, जिसमें महिलाओं के लिए 2500 रुपये और किसानों के लिए 15000 रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने भीड़ को यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस ने 2014 में तेलंगाना बनाया था।

केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है। इसके विपरीत, उनके विरोधी उनके परिवार की आलोचना करते हैं और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। केसीआर 2014 में तेलंगाना मुद्दे पर विजयी हुए और 2018 के चुनाव में किसानों का समर्थन किया। हालांकि, वर्तमान में, उन्हें सत्ता विरोधी लहर, पुनर्जीवित कांग्रेस और केंद्र का सामना करना पड़ रहा है वह अपनी बेटी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।

कांग्रेस को गेम ऑफ थोर्न्स में सत्ता हासिल करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बदलाव का मूड है। जब लोग परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं, तो वे किसी भी चुनौती या बाधा के बावजूद ऐसा करेंगे।

### पावन प्रसंग

## अहिंसा मानवता का उज्जवल प्रतीक है

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमे संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल-विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधन प्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय को परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी स्थिति वही होगी जो समुद के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियाँ युग युग से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती वह तो वीरता सीखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है। अहिंसा का स्वर है । हे मानव । तुं अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को मत छीनों। किसी देश या समाज के आंतरिक मामलो में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समजाने का प्रयास करो। और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी के प्राणों को मत लूंटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो। अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुँह छिपाकर मत बैठो।

अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्यायों को सहन करें क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा ही क्या है? जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा, अहिंसा नहीं है। वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का दिव्य संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरुष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करूणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा यदि कोई दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी उधर कर दो। गांधीजी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का अप्रतिहत प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

### आपके पत्र

## मजदूरों के लिए मजदूर बन गए विश्वकर्मा

12 नवंबर को जब पूरा देश दिवाली का उत्सव मना रहा था तब उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा डंडालगांव टनल में 41 कार्यरत मजदूर जिंदगी और मौत की जंग में उलझ गए थे। टनल का एक हिस्सा धसक जाने से मजदूरों का बाहर आने का रास्ता बंद हो चुका था। मजदूरों को बचाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशंस उम्मीद जगाने के बाद असफल भी हो रहे थे! ऐसे चुनौती पूर्ण ऑपरेशन में 25 टन की आगर मशीन ने भी दम तोड़ दिया! इस कठिन समय में टनल में फंसे मजदूरों को निकलने का संकल्प सोमवार 27 नवंबर को रेट होल माइनर्स ने अपने कंधों पर लेकर उम्मीद की नई किरण जगाई। रेट होल माइनर्स के जंगी- जवानों ने मात्र 800 एमएम के पाइप में घुसकर खुदाई का काम शुरू किया। यह रेट होल माइनर्स का जुनून ही था, जिसने हर कठिनाई को पीछे धकेलते हुए आखिरकार 17 दिनों तक अंधकार की दुनिया में खो चुके मजदूर साथियों को सूरज की किरण तक का सफर कराया। रेट होल माइनर्स ने लगभग 60 मीटर की खुदाई ठीक उसी तरह की जिस तरह चूहे अपना बिल अथवा सुरंग जमीन के भीतर बनाने किया करते हैं। यही कारण है कि इस दल को रेट होल माइनर्स नाम दिया गया है। इस दल से जुड़े लोगों को करोड़ों-अरबों रुपए का व्यापार करने वाली फिल्मों के हीरो से कहीं बड़ा हीरो माना जाना चाहिए। सफलतापूर्वक मजदूर साथियों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स हीरोज के चेहरों की मुस्कान मानव सेवा की बड़ी जीत की कहानी कहती नजर आ रही है। कतरा- कतरा मलबा चूहों की तरह बाहर निकालने के बाद भी उनके शरीर में थकान का नामो निशान दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुझे टी वी पर वह विजय दृश्य देख यही लग रहा था- मानो आज मजदूरों के लिए मजदूर विश्वकर्मा बनकर सामने आए हैं। टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स के जांबाजों ने जो कहानी बयां की वह वास्तव में मानव के प्रति मानव के संघर्ष का बड़ा उदाहरण मानी जा सकती है। जवानों का कहना था कि हम जैसे ही संघर्षरत मजदूर साथियों के पास पहुंचे, उन्होंने भावह्विल होकर हमें गले लगाया। वह ऐसा क्षण था जैसे 'डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो' इतना ही नहीं, मजदूरों को पहुंचाए जाने वाले भोजन तथा स्वास्थ्यवर्धक सामग्री में से अपने पास बचा कर रखे बादाम के दानों को उन्होंने रेट होल माइनर्स साथियों को देकर उनका अभिनंदन और धन्यवाद भी किया। अपने साथियों से गले लग कर उन्होंने अपने 17 दिन की व्यथा को क्षण भर में भुला दिया। रेट होल माइनर्स टीम के दल प्रभारी का यह कहना कि - हमें विश्वास था हम अपने साथियों को बाहर निकाल लेंगे। कहीं न कहीं चुनौतियों को अंगूठा दिखाने से कम नहीं था! उन्होंने यह कहकर कि टनल में फसे लोग मजदूर हैं और हम भी मजदूर हैं। आज वे मुसीबत में है , कल हम भी हो सकते हैं। आज हम उन्हें बचाएंगे तो कल वह भी हमारे लिए सहारा बनकर खड़े होंगे। यह भाईचारे की मिसाल बनकर सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम्' को सार्थक करने वाली भावना बनकर सामने आती रहेगी।

मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने के बाद उन्हें सीधे उनके घर न भेज कर स्वास्थ्यगत कारणों से मेडिकल सुविधा में रखना भी एक स्वस्थ सोच का परिणाम है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने पूर्ण स्वस्थ होने तक उन्हें सुविधा प्रदान करने की जो बात कही है वह उनकी जवाबदारियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। 41 मजदूरों का 17 दिन बाद अपने परिजनों के संपर्क में आना उनके लिए सबसे बड़ी दिवाली है। मजदूर का परिवार वैसे भी खतरों का खिलाड़ी ही हुआ करता है। गगनचुंबी ऐतिहासिक इमारतों के निर्माण की बात हो या फिर आम जनों के लिए बनाई जाने वाली अनेक मंजिलों वाले मकानो की श्रृंखला, मजदूर वर्ग खतरों से बेखबर हमारे सपनों की दुनिया को साकार करने हर समय प्रयास करता देखा जा सकता है। मजदूरों के सफलतापूर्वक बाहर आ जाने के बाद हम हर उस शख्स की बहादुरी को नमन करना चाहते हैं जिसने मिशन में थोड़ा सा भी सहयोग प्रदान किया हो।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### बढ़ती ठंड को लेकर स्कूलों के समय में किया परिवर्तन

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में शीतलहर अथवा सामान्य से कम तापमान को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा आदेश जारी कर जिले के प्रथम पाली में संचालित समस्त शासकीय और आशासकीय (सीबीएसई/आईसीएसई सहित) शालाओं का समय प्रात: 9 बजे से नियत किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### शर्मा को विदिशा जिले का कांग्रेस प्रभारी बनाने पर हर्ष



**सिरोंज, देशबन्धु।** भोपाल नगर निगम के कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद एवं विदिशा जिला कांग्रेस के सहप्रभारी अमित शर्मा को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पूर्व सीएम कमलनाथ द्वारा विदिशा जिले का प्रभारी नियुक्त करने पर कार्यकताओं व नेताओं में हर्ष व्याप्त है। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष का नगर कांग्रेस अध्यक्ष ईरशाद गौरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल सहित नरेन्द्र रघुवंशी, अतीक मंसूरी, अंकित भार्गव, महेन्द्र रघुवंशी, राकेशयादव, नवल रघुवंशी, फारूख गौरी आदि शामिल रहे।

### जिले में 0.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2023 से 29 नवम्बर 2023 को प्रात: 08 बजे तक 1149.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 560.7 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 29 नवम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 901 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1293.4, बेगमगंज में 1163.1, सिलवानी में 1075.8, गौहरगंज में 904.2, बरेली में 1557 उदयपुरा में 1391, बाड़ी में 997, सुल्तानपुर में 938.2 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1273.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 29 नवम्बर 2023 को प्रात: 08 बजे तक 0.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 0 मिलीमीटर, गैरतगंज में 01, बेगमगंज में 0, सिलवानी में 01, गौहरगंज में 0, बरेली में 2.2, उदयपुरा में 02, बाड़ी में 01, सुल्तानपुर में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में अंचल, ठिठुर रहे लोग

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों लोग कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का सामना कर रहे हैं। बीते तीन दिनों से अंचल में तेज ठंड पड़ रही है। बुधवार को भी शीतलहर और घने कोहरे के चलते जन जीवन प्रभावित रहा। ठंड की स्थिति को देखते हुए छतरपुर में सुबह की पाली के बच्चों का स्कूल का समय 9 बजे से कर दिया गया है। बुधवार की सुबह भी के साथ हुई। लोग गर्म कपड़ों व अलाव के सहारे सुबह शाम काट रहे हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटों के कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई है। बुधवार को खजुराहो में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और नौगांव में 13 डिग्री दर्ज किया गया है।

### बागेश्वर धाम में सामूहिक विवाह के लिये पंजीयन शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम में हर साल की तरह इस बार भी निर्धन, अनाथ, दिव्यांग कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि इसके लिये पंजीयन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। 151 सामूहिक विवाहों के लिये 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पंजीयन के लिये आवेदन पत्र बागेश्वर धाम स्थित पंजीयन कार्यालय से नि:शुल्क वितरित किये जा रहे हैं। यहां बता दें कि बागेश्वर धाम में हर साल सामूहिक विवाहों का विशाल आयोजन किया जाता है। इसके लिये तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाने लगा है।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

▸ आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराकर बताई मतगणना प्रक्रिया



**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 03 दिसम्बर को जिले की चारों विधानसभाओं में हुए मतदान की मतगणना की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण तीन पालियों में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्मिकों को आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित संबंधित अधिकारी और मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने धारा 144 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश:** मप्र विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा पूर्व में 9 अक्टूबर 2023 को जारी आदेश के तहत वर्तमान में सम्पूर्ण रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की मतगणना दिनांक 03 दिसम्बर को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना के समय कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं मतगणना स्थल पर मतगणना से संबंद्ध अधिकारियों, कर्मचारियों को डराने धमकाने एवं अनुचित घटनाओं की रोकथाम के लिए दण्ड प्रक्रिया संस्था 1973 की धारा 144 के अंतर्गत मतगणना हेतु रायसेन शहरी क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

जिसके तहत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे, वाट्सएप, फेसबुक, हाईक, ट्विटर, एसएमएस इंस्ट्राग्राम, इत्यादि का दुरूपयोग कर जातिगत, धार्मिक, सामाजिक भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने या उत्तेजित करने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण अथवा फारवर्ड नहीं करेगा। इसी प्रकार कोई व्यक्ति बिना परिचय पत्र, वैद्य आदेश के मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। कोई व्यक्ति बंदूक, विस्फोटक सामग्री, किसी भी प्रकार अग्नेय शस्त्र तथा प्राण घातक धारदार हथियार लेकर मतगणना स्थल एवं सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शन नही करेगा (सुरक्षा से संबंधित कर्मचारियों एवं प्राधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर)। इसी प्रकार दिव्यांग तथा वृद्व व्यक्तियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति मतगणना स्थल एवं सार्वजनिक स्थान पर लाठी, डंडे लेकर नही घूमेंगा।

मतगणना स्थल एवं सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह साम्प्रदायिकता, जातिगत विद्वेष भड़काने वाले भाषण नहीं करेगा और न उसमें सम्मिलित होगा तथा सोशल मीडिया पर भी कोई उक्त संबंध में न तो पोस्ट करेगा और न ही कमेंट करेगा। कोई भी व्यक्ति ईंट, पत्थर, सोडावॉटर की बोतलें, ऐसिड या अन्य घातक पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा जिसके उपयोग से चोट पहुँचाई जा सकती है। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति ऐसी अफवाहें नही फैलाएगा, जिससे जनसाधारण में भय का वातावरण उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य नहीं करेगा जिसके कारण शैक्षणिक संस्थाएं, होटल, दुकाने, उद्योग एवं निजी तथा सार्वजनिक सेवाओं में व्यवधान हो। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जा सकेगी। यह आदेश रायसेन जिले के समस्त निवासियों एवं रायसेन जिले में अस्थाई रूप से भ्रमण करने एवं निवास करने वाले व्यक्तियों पर प्रभावशील होगा।

**मतगणना स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी:** मप्र विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले में मतदान के उपरांत विधानसभा निर्वाचन उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी की ईवीएम मशीनें शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रायसेन में स्थापित पृथक-पृथक दृढ़ कक्षों में संरक्षित की गई है। निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं निरंतरता हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रायसेन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 07482-299310 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा कंट्रोल रूम संचालन एवं मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं तथा कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

विद्यार्थी परिषद पूरे देश में कर रही है आयोजन

# लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा



**सिरोंज, देशबन्धु।** रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थी परिषद पूरे देश मे शोभायात्राएं निकाल रही है। बुधवार की दोपहर सिरोंज में अखिल विद्यार्थी परिषद की सिरोंज इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की स्मृति में शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा अन्तश्री गार्डन से प्रारंभ हुई और कस्टम, सराफा बाजार, टाकीज चौराहा, पुराना बस स्टैंड, हाजीपुर , लिंक रोड, छत्री नाका होते वापस अन्तश्री गार्डन पर समाप्त हुई। करीब 5 किमी लंबे इस पूरे मार्ग पर शोभायात्रा में शामिल युवतियों का जोश हाई रहा और वे रानी लक्ष्मीबाई ओर भारत माता के जयकारे लगाती रहीं। बुलट पर सवार व खुली जीप में रानी लक्ष्मीबाई का स्वरूप धरे युवतियां चल रही थी। शोभायात्रा में शामिल युवतियों ने मराठी स्टाइल की साड़ी पहन रखी थी। रानी लक्ष्मीबाई ऐसी ही साड़ी पहनकर घुड़सवारी करती थीं। इसी के साथ युवतियों ने केसरिया साफ़ा बांध रखा था व केसरिया झंडे हाथ मे लिए थीं। अमर बलिदानियों की याद जीवित बनाये रखने अखिल विद्यार्थी परिषद यह आयोजन कर रहा है।

# भाजपा-कांग्रेस ने बनाए मतगणना अभिकर्ता

**सिरोंज, देशबन्धु।** मतदान समाप्ति के बाद से ही विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए भाजपा-कांग्रेस के अभ्यर्थियों सहित अन्य अभ्यर्थियों द्वारा अपने अपने मतगणना अभिकर्ता बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई। गत एक दिन पूर्व ही निवार्चन अधिकारी द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के सभागार में अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना संबधी विस्तार से जानकारी दी। वही दोनों ही प्रमुख दल भाजपा- कांग्रेस के उम्मीदवारों द्वारा अपने अपने मतगणना अभिकर्ताओं को बनाने के लिऐ जुटे है और अनुवभी कार्यकताओं व नेताओं को प्राथमिकता अब तक देते हुए नजर आ रहे है। वही नगर में गत विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी दोनों ही प्रमुख दलों के हार जीत के आकड़े प्रतिदिन जनचर्चाओं में है। अब देखना है कि कांग्रेस वर्ष 2013 की तरह इसबार मौका भुना पाती है या फिर भाजपा गत विधानसभा चुनाव की तरह इसबार भी अपनी सीट बचाने में सफल होगी। यह तो 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा वही गत विधानसभा चुनाव की तरह इस बार बसपा, आजाद समाजवादी पार्टी एवं आप पार्टी, सपाक्स आदि अन्य निर्दलीय उम्मीदवार किसके समीकरण बिगाड़ते है यह भी देखना होगा। उल्लेखनीय हो कि गत विधानसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार द्वारा लगभग 10 हजार से अधिक मत प्राप्त कर सभी को चौंका दिया था।

### बंदियों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

**छतरपुर, देशबन्धु।** इंडियन मेडीकल ऐसोसियेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिला जेल में जाकर बंदियों को जरूरत पडने पर किसी की जान बचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीपीआर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है। आईएमए के डा ऋषी द्विवेदी ने बंदियों को बताया कि अचानक हार्टअटैक वाले पीडित को यदि समय से सही तरीके से कार्डियक पल्मोनरी रिस्टिक्षन यानि सीपीआर दिया जाये तो कु छह ही देर में उसकी जान बचाई जा सकती है। इसके सही तरीके के बारे में प्रायोगिक तरीके से बताया गया। बेसिक लाइफ सपोर्ट के तरीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## हाइड्रा क्रेन की मदद से बिजली खंभे चुराने वाला पुलिस हिरासत में

### मप्र विद्युत अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** हाइड्रा क्रेन की मदद से बिजली के खंभे और बिजली के तारों की चोरी करने वाले आरोपी हरि सिंह धाकड़ निवासी सांकल खेड़ा जिला रायसेन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड त्योंदा के सहायक प्रबंधक गणपति चौहान की रिपोर्ट पर हरि सिंह धाकड़ के खिलाफ मध्य प्रदेश विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि हरि सिंह धाकड़ हाइड्रा क्रेन की मदद से बिजली के खंभे उखाड़ कर चोरी करके ले जाने वाला था तभी ग्रामीणों की सजकता के कारण इसकी सूचना डायल हंड्रेड को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रा सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीणों ने की गई शिकायत में बताया कि इसी व्यक्ति द्वारा पूर्व में बिजली के तारों की भी चोरी की गई थी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खाली पड़े प्लाटों में फैली गंदगी से बढ़ी लोगों की परेशानी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में अनदेखी के चलते खाली पड़े भूखंडों को लोगों ने कचरा फेंकने के लिए मुफीद स्थान बना लिया है। इनमें पानी भरने से मच्छर पनप रहे हैं और गंदगी बढ़ने से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है।

नगर के सभी वार्डों में खाली पड़े प्लाट्स में आसपास के लोगों द्वारा कचरा, बेकार सामग्री फेंके जाने से इन प्लाटों में जहां गंदगी बढ़ रही है, वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। प्लाट में बड़ी-बड़ी झाड़ी, गाजर घास उग आई हैं। गाजर घास से निकलने वाले परागकण उड़कर लोगों के शरीर में खुजली का कारण बन रहे हैं। वार्ड 33 में गंगोत्री पुरम कालोनी में खाली पड़े प्लाट में एकत्र गंदगी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इसे देखकर सरकार का स्वच्छ भारत का सपना हवा हवाई सा नजर आता है। नगर पालिका की अनदेखी के कारण समस्या बढ़ गई है। यह समस्या कई महीनों से बनी है। अगर कोई कर्मचारी यहा आता है तो वह भी सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करके चला जाता है। खाली पड़े प्लॉट में गंदगी इकठ्ठा होने से यहा? कई बार सांप व अन्य जहरीले जीव निकल कर घरों में घुस भी चुके हैं। कालोनी के निवासियों ने बताया कि यहां सफाई व्यवस्था चौपट है। खुले स्थान, खाली पड़े रिक्त प्लाट में पड़े कचरे को उठाने का कोई बंदोबस्त नहीं कि या गया है। इसके चलते सभी स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा है।

### कलेक्टर ने मतगणना स्थल का जायजा लेकर दिए निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जीआर ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल एक्सीलेंस स्कूल सहित वाहनों के पार्किंग स्थल स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। अधिकारियों ने पहले एक्सीलेंस स्कूल में बनाये गये मतगणना स्थल को देखा इसके बाद बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी मुआयना किया। कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं को चाकचैबंद रखने और वाहनों की सही तरीके से पार्किंग कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# मज़दूरों के टनल से सकुशल बाहर आने पर रोटरी क्लब ने स्कूल में बांटी मिठाई



**मुरैना, देशबन्धु।** उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में 17 दिन से फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल बाहर आने की खुशी में रोटरी क्लब मुरैना द्वारा शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय एसएएफ वीआईपी रोड मुरैना में सभी बच्चों को गजक (मिष्ठान) का वितरण कर परमपिता परमात्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब मुरेना के सचिव अतुल माहेश्वरी ने कहा कि समस्त देशवासियों की दुआओं, अध्यात्म, विज्ञान और अद्वितीय मानवश्रम की जीत हुई और हमारे राष्ट्र निर्माण के स्तंभ स्वरूप श्रमिकों को जीवनदान मिला है। सभी छात्रों, शिक्षकों एवं रोटरी क्लब मुरैना के सदस्यों ने परमात्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उपस्थित सदस्यों में सीए प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद कुलश्रेष्ठ, दीपक मोदी, रवि गुप्ता, तरुण शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## शर्मा और परमार प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मनोनीत





**मुरैना, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर संगठन प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव सिंह द्वारा मुरैना के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गयाप्रसाद शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष सराय छोला ब्लॉक राकेश सिंह परमार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महामंत्री मनोनीत किया है। श्री शर्मा एवं श्री परमार ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा एवं परमार की नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित कांग्रेस के जिले भर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कनेक्शन नहीं लिए तो गार्डन पर बिजली विभाग का पहरा

▸ अनेक गार्डन संचालकों ने लिए कनेक्शन, कुछ को दी हिदायत

**मुरैना, देशबन्धु।** इन दिनों शादियों का दौर चल रहा है और ऐसे में शहर में संचालित तमाम मैरिज गार्डन बिना बिजली कनेक्शन के विद्युत आपूर्ति का मजा ले रहे हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बीती रात्रि अलग-अलग टीम बनाकर शहर के तमाम गार्डन पर पहरा लगा दिया और उन्हें कनेक्शन लेने को कहा, जिन लोगों ने कनेक्शन नहीं लिए, उन्होंने पूरी रात जनरेटर चलाकर अपना काम चलाया। वही इस दौरान अनेक गार्डन संचालकों ने विधिवत कनेक्शन लिए।

विद्युत विभाग के प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 नवंबर को जबरदस्त शादी समारोह थे और प्रत्येक गार्डन में शादी चल रही थी। इस दौरान विद्युत विभाग द्वारा कई टीम बनाई गई जो अधिकांश गार्डन पर पहुंची तो वहां पर आधा दर्जन से अधिक गार्डन संचालकों द्वारा विद्युत कनेक्शन नहीं लिए, जिस पर विद्युत अधिकारियों ने उनकी लाइट कट कर दी और जनरेटर चलाने को कहा एवं कनेक्शन लेने की बात कही। बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान वासुदेव गार्डन, गोकुल गार्डन, रामनाथ पैलेस, रामेश्वरम गार्डन शिकारपुर मंगलम गार्डन संजय कॉलोनी, वृंदावन गार्डन, गोवर्धन गार्डन, दुर्गा वाटिका बनखंडी रोड द्वारा कनेक्शन नहीं लिए गए, तब विद्युत विभाग की टीम ने रात भर उनके यहां पहरा दिया तथा गार्डन संचालक को जनरेटर से काम चलाना पड़ा। इस कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग की टीम गुलाब गार्डन, जेपी वाटिका, भदोरिया रिजॉर्ट, शिव बरसा गार्डन, मानसरोवर पैलेस, गार्डन, स्वर्ण अयोध्या आदि पर पहुंची तथा कनेक्शन लेने की बात कही, जिस पर उक्त गार्डन संचालकों द्वारा विद्युत कनेक्शन ले लिए गए। प्रबंधक श्री शर्मा ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम लगातार शहरी क्षेत्र में बने सभी गार्डन में निरीक्षण कर रही है और गार्डन संचालकों से कनेक्शन लेने की अपील कर रही है। कनेक्शन नहीं लेने पर विद्युत विभाग की टीम रात भर उनके यहां पहरा देंगे। उक्त कार्रवाई के दौरान अशोक शर्मा के साथ सहायक प्रबंधक सद्दाम हुसैन, लाइनमैन अंकुश शर्मा, रामवीर श्रीवास, अर्जुन सिकरवार मौजूद रह।

## पहला कोहरा, सफेद चादर में लिपटा रहा शहर



**मुरैना, देशबन्धु।** नवंबर की समाप्त से पूर्व ही सीजन का पहला कोहरा बुधवार की सुबह देखने को मिला, जिसके चलते हाईवे एवं शहर के अंदर मुख्य मार्गों पर यातायात की रफ्तार धीमी पड़ गई और 2 घंटे के बाद कोहरा गायब हुआ। प्रात: 6:00 बजे से ही सफेद कोहरे ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया और लोगों को वाहनों की लाइट जलाकर अपना सफर तय करना पड़ा। हाईवे एवं रेलवे ट्रैक पर कोहरे का असर ज्यादा दिखाई दिया। बुधवार की सुबह कोहरा छटने के बाद सूर्य देव ने दर्शन दिए और मौसम थोड़ा गर्म हो गया, लेकिन शाम होते ही मौसम में फिर से ठंडक आ गई तथा लोग शाम को सर्दी का एहसास करने लग। सोमवार को हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडक आने के पश्चात अब गर्म कपड़ों की मांग बढने् लगी है तथा दुकानों पर भीड़ भी नजर आने लगी है।

**आज और कल हो सकती है हल्की बारिश:** मौसम विभाग के विशेषज्ञ द्वारा बताया गया है कि 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को जिले में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। जो फोरकास्ट आया है, उसमें एक-एक मिलीमीटर बारिश का अनुमान है। सोमवार को जिस तरह बारिश हुई थी, वह बारिश अब नहीं होगी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### बढ़ती ठंड, मां ताप्ती को ओढ़ाए गर्म वस्त्र



**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी में दो दिनों से हो रही बारिश से अचानक ठंड बढ़ने लगी है, मंगलवार दिन भर जहा सूर्य देव बदलो के बीच लुका छुपी खेलते रहे, वहीं देर शाम को पूरे शहर में घना कोहरा छा गया। जहा ठंड से बचने के लिए लोगो ने गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना शुरू कर दिया वहीं मां ताप्ती के मंदिर में पुजारियों ने भी मां ताप्ती को गर्म ऊनी कपड़े पहचाने। मां ताप्ती को गर्म और ऊनी कपड़े पहना देख दर्शन करने आने वाले भक्त और श्रद्धालुओ द्वारा मां ताप्ती के साथ सेल्फी ली गई और अपने कैमरे में मां ताप्ती की मन मोहक फोटो कैद करते दिखाई दिए। मां ताप्ती के साथ साथ अन्य मंदिरों में भी भगवानों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए गए। वही इस दौरान ताप्ती सरोवर का नजारा भी मन मोहक हो गया जब घना कोहरा पूरे सरोवर पर छा गया।

### 1 दिसंबर को सरकारी अस्पताल जांच के लिए आएंगी लक्ष्य की टीम



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सरकारी अस्पताल में इन दिनों जोर-शोर से साफ सफाई और पुताई करवाई जा रही है। वहीं पूरे अस्पताल को व्यवस्थित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 1 दिसंबर को नेशनल एसेसमेंट के लिए लक्ष्य की टीम मुलताई अस्पताल का दौरा करेंगी, जिसके लिए यह सब तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों स्टेट से आई लक्ष्य की टीम द्वारा मुलताई के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया गया था और व्यवस्थाएं देखी गई थी, बेहतर व्यवस्था होने के कारण अस्पताल स्टेट लेवल पर क्वालीफाई हुआ था और अब नेशनल लेवल पर असेसमेंट होने जा रहा है, जिसके लिए तैयारिया की जा रही है। नगर का सरकारी अस्पताल नेशनल एसेसमेंट में क्वालीफाई हो जाता है तो अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त फंड भी प्राप्त होगा।

# ताप्ती मेले में पहुंचने लगे दुकानदार और झूले

**▶ बारिश थमने के बाद जल्द मेला भरने की बढ़ी उम्मीद**

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में एक माह तक चलने वाले ताप्ती मेले में अब धीरे धीरे दुकानदार अपनी दुकान लेकर पहुंचे लगे है, वहीं झूले भी पहुंचना शुरू हो चुके है। हालांकि अभी तक मेला भरा नहीं है, तैयारिया ही चल रही है। बारिश होने के कारण इसमें और देरी हो गई। लेकिन बुधवार बारिश थमने से अब जल्द मेला भरने की उम्मीद लोगो द्वारा जताई जा रही है। बारिश के कारण मेला ग्राउंड पर कुछ जगह कीचड़ हो गया था, जिसमे नगर पालिका द्वारा बजरी डलवाई गई और मार्ग को सुधारा गया। वहीं विगत वर्षो में मेले में दुकान लगाने वाले लोग जिन्होंने अभी तक अपने प्लाट की राशि जमा नहीं करवाई थी, वे भी अब उत्साह दिखाते हुए मेला कार्यालय में पहुंचकर अपने प्लाट के लिए निर्धारित की गई राशि जमा करवा रहे है। उन्हें जल्द से जल्द अपनी दुकानें लगाने के लिए कहा जा रहा है।





**नहीं हुई शौचालय की व्यवस्था:** मेले में दुकान लेकर बाहर से आने वाले लोगों के लिए मेले में अस्थाई शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को शौच के लिए खुले में जाना पड़ रहा है। इस सम्बंध में मेला प्रभारी उपयंत्री योगेश अनेराव ने बताया की जल्द ही मेला स्थल पर चलित शौचालय की व्यवस्था करवाई जा रही है।

**स्टेशन चौक की ओर से मेला पहुंच मार्ग बंद होने से होती है परेशानी:** मेला ग्राउंड पर पहले स्टेशन चौक की ओर से प्रवेश होता था, लेकिन रेलवे द्वारा बाउंड्री वाल बनाए जाने से इस और से मार्ग बंद हो चुका है, रेलवे गेट के पास मोड़ पर कुछ जगह छूटी होने से लोग यहां से आवाजाही करते है, लेकिन इस जगह पर भी कीचड़ होने से इसका उपयोग करना मुश्किल हो रहा है। वहीं आईसीआईसीआई बैंक के बाजू से बनाए गए प्रवेश मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण मेले में भिड़ बढ़ने पर यहां से लोगो को आने जाने में परेशानी होती है।

# वैकल्पिक मार्ग बनाए बगैर सड़क निर्माण शुरू करने से वार्ड वासियों की बढ़ी परेशानी

**▶ 7 वार्डों में नपा ठेकेदार के माध्यम करा रही सड़क निर्माण कार्य**

**सारनी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की बंद हो चुकी पीके वन और पीके टू खदान के बीच सात वार्डों में सड़क निर्माण कार्य नगर पालिका के माध्यम से एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से करवाया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा विकल्प मार्ग के निर्माण किए बगैर अचानक जेसीबी से पूरे सात वार्डों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की खुदाई कर देने के कारण खासी परेशानी का सामना वार्ड वासियों को करना पड़ रहा है। विकल्प मार्ग न होने के कारण सात वार्डों में रहने वाले लोगों में संबंधित ठेकेदार और नगर पालिका प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश का माहौल उत्पन्न हो गया है।

मंगलवार शाम से सड़क की खुदाई शुरू कर देने के कारण व्यापारियों की दुकान है बुधवार को साप्ताहिक बाजार नहीं पहुंच पाई है जिसकी वजह से भी आक्रोश का माहौल उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा सात वार्डों के मुख्य मार्ग पर रहने वाले व्यापारियों का व्यापार भी लगभग आधे से कम हो गया है। आश्चर्य की बात यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद किशोर बरदे भी यह सब देख रहे है। ए



## इनका कहना है



खदाने बंद होने के बाद मार्ग की मरम्मत और निर्माण का कार्य बहुत जरूरी था लेकिन विकल्पिक मार्ग न बनने के कारण व्यापार भी चौपट हुआ है।

**राजेंद्र मानकर, मेडिकल स्टोर संचालक**



नगर पालिका के माध्यम से सड़क का निर्माण करने से पहले वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करवाना था लापरवाही की वजह से ही इस तरह की परेशानी आम लोगों को उठानी पड़ रही है।

**भगवान जावरे ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष**



जहां विकास कार्य होता है वहां थोड़ी परेशानी उठानी पड़ती है सात वार्डो को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण महत्वपूर्ण था यदि वार्ड वासियों को एक हफ्ते 15 दिन परेशानी उठानी पड़ती है तो उन्हें उठाना चाहिए।

**विनायक सिंह, नागरिक पाथाखेड़ा**



स्कूल बस का इन वार्डो में आना बंद हो गया है बच्चों को स्कूल छोड़ने और लाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वैकल्पिक व्यवस्था करने के बाद सड़क निर्माण किया जाना चाहिए था।

**राजेश नागले के वार्ड वासी पाथाखेड़ा**



ऑटो के जरिए साप्ताहिक बाजारों में दुकान लगाकर अपनी जीविका का संचालन करने का कार्य करते हैं निर्माण नहीं होता है तब तक इसी तरह परेशानी उठानी पड़ेगी।

**मालती साहू राजेंद्र नगर पाथाखेड़ा**

# पोस्टर मार्केटिंग के बिना संभव नहीं बाजार व्यवस्था: लिल्होरे

**▶ समर्थ भारत थीम पर पोस्टर एवं क्राफ्ट निर्माण गतिविधि का आयोजन**

**बैतूल, देशबन्धु।** सीसीएलई गतिविधि के अन्तर्गत समर्थ भारत थीम पर शा.कन्या उ.मा. विद्यालय बैतूल गंज बैतूल में प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे के मार्गदर्शन में प्रथम तीन कालखण्डों में चतुर्थ पोस्टर एवं क्राफ्ट निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। सी.सी.एल.ई. गतिविधि बालसभा प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि पोस्टर आज हमारे जीवन का हिस्सा हैं, इसके बगैर बाजार में किसी भी चीज को नहीं बेचा जा सकता यह विज्ञापन का हिस्सा हैं। दूसरी ओर सरकार और अन्य संस्थाएं किसी गंभीर विषय पर अपनी बात लोगों तक पहुचानें के लिए पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते है, पोस्टर पर संदेश तथा चित्रों का उपयोग किया जाता हैं।

छात्राओं को जानकारी देते हुए प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे ने कहा कि पोस्टर मार्केटिंग का हिस्सा है आज की बाजार व्यवस्था बिना पोस्टर के संभव नहीं है।बाजार में कोई भी नई वस्तु आती है तो उसका प्रचार-प्रसार पोस्टर के माध्यम से ही होता हैं। छात्राओं को पोस्टर कितने प्रकार से बनाये जाते है इस पर बताया गया जिसमें उत्पाद, प्रचार, पोस्टर, राजनीतिक पोस्टर, सेवा प्रचार पोस्टर, फिल्म के पोस्टर, सरकारी पोस्टर, सामाजिक पोस्टर मुख्य हैं। विद्यालय में छात्राओं से पादप कोशिका और जंतु कोशिका के पोस्टर भी बनवाए गये।

प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया दूसरे एवं तीसरे कालखण्ड में छात्राओं को क्राफ्ट निर्माण गतिविधि जिसमें स्टोन क्राफ्ट निर्माण कैसे किया जाता है बताया गया। सभी छात्राओं से छोटे-छोटे पत्थर बुलायें गये थे जिसमें छात्राओं ने अपने-अपने विवेक से सुन्दर-सुन्दर चित्र उकेरे जो बड़े ही मनमोहक लग रहे थे। पत्थर पर या इसी तरह का काम आमतौर पर प्राचीन या प्रागैतिहासिक युग से हालांकि 19 वीं शताब्दी के दौरान और संभवत: बाद में कुछ क्षेत्रों में इसका अभ्यास जारी रहा हैं उस समय प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता था। छात्राओं को प्राकृतिक रंग तैयार करने की भी जानकारी दी गई।

*आवागमन में ग्रामीणों को हो रही परेशानी*

# बिरुल बाजार से चंदोरा पहुंच मार्ग बारिश से हुआ खराब

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरुल बाजार से चंदोरा पहुंच मार्ग विगत 3 वर्षो से निर्माणाधीन है, जिसमें जगह-जगह पर पुल और पुलियाओं का निर्माण नहीं किए जाने के चलते बीते दिनों हुई बारिश के कारण इन जगहों पर पानी भर गया है। जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मनोज पाटिल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीरूल बाजार से चंदोरा पहुंच मार्ग का निर्माण तीन वर्ष पहले शुरू हुआ था, कुछ हिस्सा बन कर तैयार हो चुका है, लेकिन बीच में पड़ने वाले नालों पर पुलिया नहीं बनने से बारिश के दोनो में इस रास्ते से आवागमन संभव नहीं हो पाता है, बीते दो दिनों में हुई बारिश के कारण कई जगहों पर पानी भरने और कीचड़ होने से आवागमन प्रभावित हुआ और लोगो को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों द्वारा जल्द से जल्द मार्ग निर्माण पूरा कराए जाने की मांग की गई है।



**सड़क की ऊंचाई बढ़ाने से नीचे झूल रहे बिजली के तार:** ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मार्ग की कुछ जगह पर ऊंचाई अधिक होने से ऊपर से जाने वाले बिजली के तार और सड़क के बीच से बड़े वाहनों का निकलना भी मुस्कील हो जाता है, जिसके लिए ठेकेदार द्वारा बिजली लाइन की ऊंचाई बढ़ाए जाने के बजाए सड़क में गड्ढा खोद कर सड़क की ऊंचाई कम कर दी गई, लेकिन बारिश होने के कारण उसमे पानी जमा हो गया जो परेशानी का सबब बन गया।

## फोटो एवं वीडियोग्राफरों का मिलन समारोह आज

**सारनी, देशबन्धु।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फोटो एवं वीडियोग्राफी का कार्य करने वाले फोटोग्राफरों का मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को लक्ष्मी मैरिज लॉन मोरडोगरी में होगा। लंबे समय से फोटो एवं वीडियोग्राफी का कार्य करने वाले आर के फोटो स्टूडियो के संचालक राजेश राठौड़ ने बताया कि लंबे समय से फोटो वीडियो एसोसिएशन संघ का गठन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है। गुरुवार को 11 बजे मोरडोंगरी के लक्ष्मी मैरिज लॉँन में फोटो वीडियोग्राफर एसोसिएशन संघ का गठन किया जाएगा और इसमें नए अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी का चुनाव भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के फोटो वीडियोग्राफरों के माध्यम से किया जाएगा। आयोजक समिति के पदाधिकारी ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वैवाहिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रमों में वीडियो फोटोग्राफी का काम करने वाले फोटोग्राफरों से अपील की है की समारोह को सफल बनाने में योगदान दे।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट वार्षिक उत्सव की तैयारी में जुटा, होंगे अनेक कार्यक्रम



**सारनी, देशबन्धु।** गायत्री परिवार ट्रस्ट सारनी के माध्यम से वार्षिक उत्सव मनाया जाने की तैयारी के लिए घरों घर दस्तक देकर उन्हें आमंत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री प्रज्ञापीठ सारनी के ट्रस्टी गुलाब राव पांसे ने बताया कि वार्षिक उत्सव जो 11 से 15 दिसंबर तक संपन्न होगा। 11 दिसंबर को मोतियाबिंद नेत्र व परीक्षण एवं उपचार होगा ।जिसका पूर्व पंजीयन गायत्री प्रज्ञापीठ सारनी में प्रारंभ किया गया है ।12 दिसंबर को विराट जल कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा 5 बजे से संगीत प्रवचन रहेगा ।प्रतिदिन नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संगीत प्रवचन के कार्यक्रम होंगे इसमें युवक युतीयों के वर्तमान परिपेक्ष में दायित्व नारी जागरण सम्मेलन नव दंपति शिविर तथा 15 दिसंबर को रक्तदान शिविर एवं भंडारे का आयोजन किया गया ।इस संबंध में समस्त नगर वासियों को इसका लाभ दिलाने के लिए आमंत्रण देने के लिए तथा यथाशक्ति अंशदान,अन्नदान,समय दान के माध्यम से इस पुनीत कार्य में ईश्वरी कार्य में भागीदारी कर सभी वर्ग के लोगों के विभिन्न संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। विद्याराम संस्कार से बालक शिक्षा के साथ ही विद्या भी अर्जित करता है,मुंडन संस्कार से जन्म-जन्मांतरों के पशु संस्कारों का निष्कासन होता है। जन्मदिवस संस्कार आत्मबोध करता है।

## स्कूल में स्थापना दिवस मनाया

**बैतूल, देशबन्धु।** मानसरोवर द स्कूल में सुधांशु महाराज के आशीर्वाद से विद्यालय के तीसरे स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्वती बाई बारस्कर अध्यक्ष नगर पालिका एवं समाजसेवी नवनीत गर्ग, समिति के चेयरमैन डॉ. विनय सिंह चौहान, उपाध्यक्ष लीलाराम सरले, सचिव पंकज साबले, डायरेक्टर पुष्पलता साबले, कोषाध्यक्ष हेमराज जसूजा, समिति सदस्य रेखा जसूजा, मनोरमा चौहान आरती सरले की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरम्भ छात्रों ने मार्च पास्ट के साथ किया। गुरुदेव का पूजन , अतिथियों के अभिनन्दन एवं गुरु वंदन के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने विद्यालय के आरम्भ से वर्तमान तक के अपने सभी अनुभव साझा किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनीत गर्ग ने कहा कि छात्रों को पालकों और अपने गुरुजनों का मान बढ़ाना चाहिए। पार्वती बाई बारस्कर ने छात्रों को बताया कि तरक्की करना है तो बड़ों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में बाल कलाकारों द्वारा विद्यालय गीत एवं गुरुदेव के लिए भजन का गायन किया गया।

## भारी वाहनों में लगे प्रेशर हार्न से नागरिक परेशान

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों में प्रतिबंध के बावजूद प्रेशर हॉर्न का उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है, जिसकी तेज आवाज से नगरवासी परेशान हो रहे है। ताप्ती ब्रिगेड के पवन पाठेकर, कुणाल बावने, गगन बारस्कर आदि ने बताया की नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न के कारण इनकी तेज आवाज से परेशानी होती है, ट्रैफिक जाम होने पर यह कहीं गुना ज्यादा बढ़ जाती है, जिससे ध्वनि प्रदूषण होता है। उन्होंने बताया की प्रशासन की ओर से इनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे वाहन जिन पर प्रेशर हॉर्न लगे हुए है उनकी जांच की जाए।

*मुलताई पहुंचे स्पेन के जेवियर, यात्रा के दौरान गुरुनानक से हुए प्रभावित*

# 6 सालों में 50 हजार किमी की पैदल यात्रा तय की

**मुलताई, देशबन्धु।** बुधवार स्पेन के बर्सिलोना शहर के रहने वाले 65 वर्षीय जेवियर जिनका भारतीय नाम दीपक है। वे बैतूल से होते हुए मुलताई पहुंचे। जहां उन्होंने गुरुद्वारे में विश्राम किया और फिर ताप्ती दर्शन कर नगर के इतिहास के बारे में डॉ. हरप्रीत खुराना से जानकारी ली। मां ताप्ती मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की, सरोवर की परिक्रमा कर पुराणिक महत्व को जाना। जिसके बाद डॉ. हरप्रीत ने सिक्ख समाज पर लिखी अपनी किताब उन्हें भेंट की। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर 2015 से उन्होंने पुष्कर से कन्याकुमारी के लिए पदयात्रा शुरू की थी, वे इस बारे में जानना चाहते है कि इस पूरी दुनिया में क्या चल रहा है, इस पर किताब भी लिख रहे है। उन्होंने भारतीय दर्शन के बारे में बताया की यहां के गुरुनानक, बुद्ध, महावीर आदि ने किस तरह से सुख सुविधा वैभव को त्याग कर फकीरी वाला जीवन जिया और अपने विचारों को जन जन तक पहुंचाया। उसी अनुभव को प्राप्त करने के लिए वे स्वयं घूम रहे है। जिसे वे अपनी किताब में लिख रहे है।

**नानक झिरा बिदर में गुरुनानक के जीवन से हुए प्रभावित:** उन्होंने बताया कि अपनी पदयात्रा के दौरान जब वे बिदर नानक झिरा पहुंचे तब वे गुरुनानक के जीवन से प्रभावित हुए और उन्होंने वहा से अपनी पदयात्रा को आगे बढ़ाया और गुरुनानक द्वारा उनके समय में उनके द्वारा की गई उदासी और फकीरी जीवन को करीब से समझने के लिए खुद फकीरों को तरह पैदल ही गुरुनानक के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर रहे है।



**माता-पिता के फॉरेन सर्विस में रहते भारत के जयपुर में हुआ था जन्म:** उन्होंने बताया कि उनका जन्म भारत के जयपुर में ही हुआ है, जब उनके माता पिता यहां फॉरेन सर्विस में थे, उनके पिता सिंध और माता स्पेन की है। उनकी पत्नी साउथ अमेरिका के चिली में टीवी जर्नलिस्ट है, उनके दो बच्चे है, एक बेटा पीएचडी कर रहा है तो एक बेटी फिजियोथेरेपिस्ट है।

**बिजनेसमैन होने के बाद भी बिना पैसे के कर रहे पदयात्रा :** उन्होंने बताया की वे बिजनेसमैन है, वे कचरे को रिसायकल करने की तकनीक पर काम करते है। फिलहाल उनका पूरा व्यवसाय उनके पार्टनर संभाल रहे है। उन्होंने बताया कि वे बिना पैसे के पिछले छ: सालों से अब तक 50 हजार किमी की पैदल यात्रा कर चुके है। इस दौरान उन्होंने चार धाम और ज्योतिर्लिंगों की भी यात्रा की है। उन्होंने बताया की वे कभी मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे यहां तक की पुलिस थाने में भी सोए और राते बिताई है। वे जहां रुकते वहां के लोग उन्हें भोजन करवा देते थे, उन्हें पैदल चलता देख लोग उन्हें आर्थिक सहयोग करने के लिए आगे आए, उनसे प्राप्त सहयोग का उन्होंने उपयोग मात्र सफर तय करने के लिए किया। इनका कहना है कि यहां के संत महापुरुष फकीरी वाला जीवन कैसे जिए उस बारे में जानने के लिए वे स्वयं भी उन्ही के जैसे जीवन जी रहे है।

**ताप्ती तट पर पहुंचकर मिला सुकून, शांति का हुआ अहसास:** उन्होंने बताया कि जब वे मुलताई ताप्ती तट पर पहुंचे तो उन्हें यहां पर सुकून मिला और शांति का एहसास हुआ। यहां पहुंचकर उन्होंने खुशी का इजहार किया और मुलताई के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी ली।

## सार समाचार

### कक्षा पांचवी तक के स्कूल प्रात: 9 बजे से पहले नहीं होंगे संचालित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत सभी स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन ने बताया कि नर्मदापुरम अन्तर्गत शीतकालीन मौसम प्रारंभ होने तथा तापमान में गिरावट के दृष्टिगत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 वी तक समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई आदि समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं सुबह 9 बजे से पहले संचालित नहीं होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया।

### श्री गंगानगर-नांदेड-श्री गंगानगर एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाये

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन ने अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने 12486/12485 एवं 12440/12439 श्री गंगानगर-नांदेड-श्री गंगानगर एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में अस्थाई तौर पर शयनयान श्रेणी के दो-दो अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है।

यह अतिरिक्त कोच 12486 श्री गंगानगर-नांदेड एक्सप्रेस में श्री गंगानगर स्टेशन से 28 नवंबर 2023 से 30 दिसंबर 2023 तक तथा 12485 नांदेड़-श्री गंगानगर एक्सप्रेस में नांदेड़ स्टेशन से 30 नवंबर 2023 से 01 जनवरी 2024 तक लगाये जाएंगे।

इसी प्रकार 12440 श्री गंगानगर-नांदेड एक्सप्रेस में श्री गंगानगर स्टेशन से 01 दिसंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक तथा 12439 नांदेड-श्री गंगानगर एक्सप्रेस में नांदेड़ स्टेशन से 03. दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक लगाये जाएंगे। इन गाड़ियों में शयनयान श्रेणी के दो-दो अतिरिक्त कोच जुड़ने से ये गाड़ियां अब 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय इकोनोमी श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 02 लगेज/जनरेटरकार सहित कुल 20 कोच के साथ चलेंगी।

### वृंदावन गार्डन न्यास कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा 7 जनवरी से

**इटारसी, देशबन्धु।** सेवन स्टार मित्र मंडल के तत्वावधान में सोमवार 7 जनवरी से वृंदावन गार्डन न्यास कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से होगी। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में पं. अनिल मिश्रा श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराएंगे। कथा का समापन रविवार 14 जनवरी को किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# मतगणना से पहले हुआ पूर्वाभ्यास, अंदर पहुंचे व्यक्ति को पुलिस ने किया बाहर





**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मतगणना से पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को स्ट्रांग रूम में पूर्वाभ्यास किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किए गए इस पूर्वाभ्यास के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी तैयारियों को भी जाना और जो कमियां आई उन्हें दूर भी किया। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को होनी है। नर्मदापुरम जिले में चार विधानसभा सीटों की मतगणना होनी है। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मतगणना संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में संपन्न की जाएगी। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह की उपस्थिति में मतगणना प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें मतगणना केंद्र पर मतगणना अधिकारी, कर्मचारियों, मतगणना अभिकर्ता एवं अभ्यर्थियों का प्रवेश, स्ट्रॉन्ग रूम खोले जाकर कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलट एवं ईवीएम मशीन का चारों विधानसभाओं के निर्धारित मतगणना कक्ष तक लाया जाना। रिटर्निंग अधिकारी, माइक्रोआब्जर्वर, मतगणना अभिकर्ता की बैठक, निर्धारित टेबिलो पर मतगणना, विभिन्न प्रारूपों में मतगणना संबंधी जानकारी भरे जाना इत्यादि का पूर्व अभ्यास किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसपी ने सभी विधानसभाओं के मतगणना कक्ष का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रुम, इनकार रुम, मीडिया कक्ष पर भी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारी, मतगणना में नियुक्त सभी अधिकारी कर्मचारी और नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि विधानसभा निर्वाचन की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। उन्होंने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना कार्य प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह ने मतगणना केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्वाभ्यास में घुसा अज्ञात व्यक्ति

स्ट्रांग रूम में तमाम सुरक्षा के बाद मतगणना के लिए हुए पूर्वाभ्यास में अधिकारी कर्मचारियों के साथ एक अज्ञात व्यक्ति भी अंदर चला गया। यह मतगणना के लिए बने रूम तक पहुंच गया। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे वहीं खड़ा होकर यह युवक रोने लगा। मतगणना स्थल में वो व्यक्ति बहुत देर खड़ा रहा। इस दौरान अधिकारी कर्मचारियों के साथ सुरक्षा के लिए पुलिस के आलाधिकारी और पुलिस बल भी मौजूद रहा। कुछ देर बाद उस व्यक्ति को पुलिस ने बाहर किया।

### मतगणना दिवस 3 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित

जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार 3 दिसम्बर अर्थात मतगणना के दिन जिले के समस्त चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतगणना के लिए सूखा दिवस अर्थात ड्राय डे घोषित किया गया है। उक्त अवधि में जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकान, देशी, विदेशी, मदिरा भंडारगारो से मदिरा का विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवस अर्थात ड्राई डे के दौरान किसी भी फुटकर बिक्री की दुकान होटल, बार, रेस्टोरेंट और मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा किसी भी व्यक्ति को मदिरा बेचने, परोसने पर रोक रहेगी। साथ ही साथ गैर मलिकाना क्लब होटल रेस्टोरेंट आदि पर भी मदिरा परोसने की तथा मदिरा के व्यक्तिगत भंडारण आदि पर रोक रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस, समस्त रिर्टरिंग ऑफिसर, सेक्टर अधिकारियों, आबकारी अधिकारी ,एफएसटी टीम, को निर्देशित किया है कि वे उक्त दिवसों में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशानिर्देशो का अक्षरश:- पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

# कोहरे की चादर ओढ़कर आई सुबह, थोड़ी देर के लिए हुए सूर्य के दर्शन



**इटारसी, देशबन्धु।** आज बुधवार की सुबह कोहरे का चादर ओढ़कर आयी। बारिश और सर्दी के साथ ही आज की सुबह कोहरे का सफेद लिबास ओढ़कर आई। रात भी कोहरे में लिपटी सी थी। सुबह सूरज निकलने का अनुमान लगाए लोगों को थोड़ी देर के लिए सूर्य के दर्शन सुबह 11 बजे के आसपास हुए। सुबह पत्तियों, फूलों और बाहर खड़े वाहनों की छतों पर ओस की बूंदें मोतियों की तरह चमचमा रही थीं।

घर की छतों से दूर विंध्याचल और सतपुड़ा पर्वत की श्रंखलाएं दिखाई देती थीं, जो आज नहीं दिख रहीं। आसमान पर हल्के बादलों के बावजूद सूरज का तेज खत्म सा हो गया था। सुबह सूरज निकला जरूर, लेकिन वह चांद के समान ही दिख रहा था। प्रकृति के इस रूप का लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

### ज्यादातर तहसीलों में पानी नहीं

जिले में बीते चौबीस घंटे में बारिश तो हुई है, लेकिन तीन तहसील में। पचमढ़ी में सबसे अधिक 12 मिमी वर्षा दर्ज हुई। इसके अलावा माखनगर में 3 मिमी, सोहागपुर में 2.4 और पिपरिया में 2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की शेष तहसीलों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहा है। मध्यप्रदेश में भी करीब आधा दर्जन जिलों में ही वर्षा दर्ज हुई है।

### अगले दस दिन का मौसम

अगले दस दिनों के मौसम पर नजर डालें तो गुरुवार और शुक्रवार को बारिश की 70 फीसद संभावना है। हालांकि यह भी बौछारों वाला मौसम ही रहेगा, तेज बारिश नहीं होगी। अगले दस दिनों में भी आसमान पर हल्के और मध्यम बादल रह सकते हैं। इस दौरान सूर्य के दर्शन भी हो सकते हैं। अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

# लॉज के मैनेजर के साथ फ्रॉड, ठग ने खाते में जमा करा लिए रुपए

**इटारसी, देशबन्धु।** एक लॉज के मैनेजर के साथ फ्रॉड हुआ है। ठग ने उसके खाते से स्वयं के खाते में रुपए ट्रांसफर करा लिए। अब ठगे जाने के बाद पीड़ित ने पुलिस थाने में शिकायती आवेदन दिया है। मामला आज बुधवार का ही है।

बुधवार को दोपहर करीब 1:30 बजे श्री राम लाज के मालिक मुकेश गांधी को 7489290108 नंबर से फोन आया था और उन्हें उनका परिचित बताते हुए कुछ ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने की बात की। श्री गांधी कुछ समझ नहीं पाए तो उन्होंने अपने मैनेजर देवीलाल पठारिया को फोन दे दिया। फोन पर उस व्यक्ति ने कहा कि वह उनके अकाउंट में 45000 रुपए ट्रांसफर कर रहा है, उसे अन्य अकाउंट में भेजना है। इसके बाद एक टेक्स्ट मैसेज आया जिसमें यह लिखा था कि मैनेजर देवीलाल पठारिया के इलाहाबाद बैंक के अकाउंट में 45000 रुपए जमा हो गए हैं, पर अकाउंट में पैसा नहीं दिख रहा था।

जब मैनेजर देवीलाल पठारिया ने ठग से कहा कि पैसा नहीं आया है तो उस व्यक्ति ने कहा कि मैंने क्रेडिट कार्ड से पैसा ट्रांसफर किया है, इसीलिए नहीं दिख रहा और उसने एक फोन नंबर और कोड देकर गूगल पे से 25000 रुपए और फिर 3000 रुपए ट्रांसफर करवा लिए इसके बाद से फोन बंद हो गया। श्री गांधी और देवीलाल ने तुरंत बैंक और पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई है।

# एमजीएम कॉलेज में ऑनलाइन कार्यशाला में दी महत्वपूर्ण जानकारी



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में आज बुधवार को प. कुंजीलाल दुबे, संसदीय विद्यापीठ भोपाल के एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता की उपस्थिति में किया।

प्रथम सत्र का प्रारंभ संसदीय विद्यापीठ भोपाल की संस्थापक डॉ प्रतिमा यादव एवं डॉ. मेहता नेमां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रथम सत्र के प्रारंभ में डॉ. अर्चना श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल ने अपने वक्तव्य में विधानसभा का गठन, उसकी संरचना अवधि एवं सत्र काल को समझाया कि इसका गठन कैसे होता है, संरचना कैसे बनाई जाती है एवं उसकी अवधि कितने वर्ष की होती है और कितने सत्र हर्ष वर्ष बुलाए जाते हैं। दूसरे सत्र में पीएन श्रीवास्तव पूर्व अपर सचिव, मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने विधानसभा का प्रश्न काल कब होता है, कितने प्रश्न पूछे जाते हैं, स्थगन प्रस्ताव क्या होता है, ध्यान आकर्षण, शून्य काल एवं अभिलंबीय महत्व के विषय पर गहन चर्चा की। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने इसे सुना। छात्रों ने दोनों वक्ताओं से प्रश्न पूछे। डॉ अर्चना शर्मा ने प्रश्नों के माध्यम से विधानसभा और विधानपरिषद क्या होती है, इसके बारे में जानने का प्रयास किया। अंत में आभार सरोजिनी दुबे सहायक पं. कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ भोपाल ने किया। एमजीएम कालेज से डॉ. अंसूता कुजूर, सुशीला वरवड़े, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ.ओपी शर्मा, डॉ. दुर्गेश लसगरिया, योगेश गौर, डॉ.बस्सा सत्यनारायण, व्ही के कृष्णा एवं महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# कन्या महाविद्यालय में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में आज श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, चेन्नई तमिलनाडु द्वारा कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया जिसमें श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से निशु शुक्ला, ब्रांच मैनेजर, वरुण सिंह एचआर हेड एवं विकास कुमार, एरिया एडमिन हेड उपस्थित हुए। इस कैंपस सिलेक्शन में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से 12 छात्राओं का कैंपस सेलेक्शन किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्राओं में अपनी क्षमताओं में बृद्धि एवं आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न होती है। प्रकोष्ठ प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने कहा कि हमारा भविष्य हमारे वर्तमान पर निर्भर होता है, इसलिए हमें अपने लक्ष्य पर कार्य करना चाहिए एवं साथ ही कैंपस में चयनित छात्रों को बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

संयोजक डॉ. संजय आर्य ने कहा कि व्यक्ति को सफल होने के लिए उसे लगातार मेहनत करनी चाहिए और अपने जीवन में सही निर्णय लेकर उज्जवल भविष्य का निर्माण करना चाहिए। इस अवसर पर मंजरी अवस्थी, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट, पूनम साहू, प्रिया कलोसिया, डॉ. नेहा सिकरवार, क्षमा वर्मा आदि प्राध्यापक उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों की प्रतियोगिता हुई, उत्साह से शामिल हुए बच्चे



**इटारसी, देशबन्धु।** जनपद शिक्षा केन्द्र केसला द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत विकासखंड स्तरीय विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सामर्थ्य प्रदर्शन के लिये खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन माध्यमिक शाला प्रांगण पथरौटा में हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड के दिव्यांग बच्चों ने सभी गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चे, उनके अभिभावक संबंधित शालाा के शिक्षक एवं समस्त बीआरसी स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौटा के प्राचार्य अरविन्द देवलिया ने प्रात: 11 बजे किया। प्रारंभ में 100 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। मध्यान्तर उपरांत रंगोली, चित्रकला एकल नृत्य, एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी दिव्यांग बच्चों को पारितोषक वितरण कर 4.30 बजे कार्यक्रम समाप्त हुआ।

**प्रतियोगिता में प्रथम बच्चों के नाम**

100 मी. दौड - राजेश अखण्डे घाटली
चम्मच दौड़ - करण यादव माशा तीखड़
कुर्सी दौड़ - पूजा मेहरा माशा नयाचीचा
रंगोली प्रतियोगिता - आयुषी सल्लाम माशा आयुधनगर
चित्रकला प्रतियोगिता - साहिल माशा डांडीवाड़ा
एकल गायन -सुहाना अग्रवाल प्राशा तवानगर
एकल नृत्य- अंकिता सराठे माशा पीपलढाना

इन सभी प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों की विश्व विकलांग दिवस पर आगामी माह में जिला स्तरीय प्रतियोगता जिला

### 67 वी नेशनल शालेय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

# इटारसी की 6 छात्राओं और 3 छात्रों का चयन



**इटारसी, देशबन्धु।** 67 वे राष्ट्रीय शालेय आयु वर्ग 17 वर्ष बालक बालिका सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बीकानेर राजस्थान में होना है। प्रतियोगिता 10 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का शालेय दल भी शामिल होगा।

सॉफ्टबॉल टीम बालक वर्ग के कोच आलोक चौधरी ने बताया कि जिले के लिए अच्छी बात यह है कि सीएम राइज स्कूल इटारसी से छह बालिकाओं और तीन बालकों का चयन मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। 20 सदस्यीय टीम में इटारसी सीएम राइज स्कूल की निकिता पिता अशोक, प्रथा पिता राजकुमार चौहान, कृतिका पिता मनोज अहिरवार, अनम बानो पिता जहिर खान, आयशा पिता कलंदर, आरजू बानो पिता शेख साबिर का चयन हुआ है। इसी तरह आशिक परते पिता जगदू परते, हर्ष ठाकुर पिता शेर सिंह ठाकुर, गणेश राज पिता दिनेश राज सीएम राइज स्कूल का चयन बालक वर्ग में हुआ है। सीएम राइज स्कूल के छात्र व छात्राओं के प्रदेश की टीम में चयन पर स्कूल के प्राचार्य एनपी चौधरी और उप प्राचार्य उपेंद्र साहू ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

- **10 से 15 जनवरी 2024 को बीकानेर में होगी प्रतियोगिता**
- **4 जनवरी से हरदा में लगाया जाएगा प्री नेशनल कोचिंग कैंप**

### इनका हुआ मप्र की टीम में चयन

निकिता, प्रथा चौहान, कृतिका अहिरवार, अनम बानो सभी इटारसी, भवती कल्याने इंदौर, आस्था वर्मा इंदौर, पूजा मंदसौर, पलक भोपाल, बेवी सिंह देवास, पूनम बरार भोपाल, आयशा इटारसी, कामना झा टीकमगढ, आरजु बानो इटारसी, इशिका सिंह टीकमगढ, कशिश ग्वालियर, संध्या इवने बैतूल, गौरी ग्वालियर, निधिका बैतूल, तोशीबा खान भोपाल, खुशबू विश्वकर्मा टीकमगढ हैं।

टीम के साथ बालिका वर्ग में दल प्रबंधक राजेश बिलिया हरदा, कोच बालक वर्ग आलोक चौधरी इटारसी, सुबोध चौरसिया मैनेजर विक्रम अवार्डी इंदौर, अश्वनी मालवीय कोच बालिका वर्ग इटारसी, मैनेजर दिशा तोंडे इंदौर हैं।

### बालक वर्ग 17 वर्ष आयु टीम

आशिक परते, हर्ष ठाकुर, गणेश राज, रिषभ गुर्जर, पुष्प मोदी, गौरव, देवांग दुबे, केशव कुशवाह, विनायक, करन यादव, सुमित नागर, विक्की सेन, संकल्प, शिवम जाट, सतपाल भल्लावी, यश मालवीय, रिषि साहू, मयंक, आशु खटीक, देव चौधरी टीम में शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ग्वालियर व भिण्ड मतगणना केन्द्र का निरीक्षण

# मतगणना की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा

**भोपाल, देशबन्धु।** मतगणना के 4 दिन पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन आज ग्वालियर और भिंड जिले में बनाए गए मतगणना केन्द्र का निरीक्षण हरने पहुंचे। उन्होंने यहां 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना को लेकर दोनों जिलों में की जा रही व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। इसे साथ ही उन्होंने संबंधित कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के संबंध में जरूरी हिदायत दी।




श्री राजन ने महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) कॉलेज पहुंचकर ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना की तैयारियों के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की, वहीं उनके साथ ईवीएम स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण किया। श्री राजन ने ईवीएम एवं डाक मतपत्र गिनने के लिए लगाई गईं टेबल, स्ट्रॉंग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम पहुंचाने के लिए बनाए अलग-अलग गलियारे, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, मतगणना परिसर में प्रवेश और मीडिया सेंटर सहित मतगणना से संबंधित सभी संबंधी अन्य व्यवस्थाओं का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए मतगणना सम्पन्न कराएं। श्री राजन ने कहा कि डाक मतपत्रों की गिनती तेजी से करने के लिए टेबल बढ़ाने की अनुमति दे दी है। एमएलबी कॉलेज में हर विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती के लिए दो-दो गणना कक्ष बनाए गए हैं। संभागायुक्त ग्वालियर दीपक सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर रेन्ज डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल सहित अधिकारी मौजूद थे।

### ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली

भिण्ड के आईटीआई परिसर में बनाए मतगणना स्थल का श्री राजन ने निरीक्षण किया और ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रॉन्ग रूम के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्रवार बनाए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का निरीक्षण किया। डाक मतपत्रों की गणना के लिए लगे अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में श्री राजन ने जानकारी ली। मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्था भी उन्होंने देखी। इसके बाद जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संभागायुक्त चम्बल संभाग दीपक सिंह, आईजी चम्बल सुशांत कुमार सक्सेना, डीआईजी कुमार सौरभ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक असित यादव, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम सहित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

# प्रधानमंत्री ने हर पल लोगों की चिंता की



**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर पल उनकी चिंता करते रहे, उनका हाल जानते रहे। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि श्रमिकों को सुरंग से निकालने के लिए जो प्रयास किए गए, उनके लिए मैं सबसे पहले प्रधानमंत्री का हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने राहत और बचाव कार्य के दौरान उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए प्रबंधन के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उनकी सरकार को धन्यवाद तथा बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों के बल पर ही मजदूर भाईयों को सुरक्षित निकाल पाना संभव हो सका है। श्री शर्मा ने इसके साथ ही राहत और बचाव कार्यों में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूं। साथ ही इस घटनाक्रम के दौरान सभी श्रमिक भाईयों और उनके परिजनों ने जिस धैर्य और साहस का प्रदर्शन किया है, उसके लिए उन्हें भी बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिग्विजय ने लिखा पत्र

# लहार में डाक मतपत्र में गड़बड़ी का आरोप, भिंड कलेक्टर को हटाने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** लहार में डाक मतपत्र में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने इस गड़बड़ी के लिए तत्काल भिंड कलेक्टर के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाने की मांग की है।

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में दिग्विजय ने बताया कि 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्रों के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई और कुछ केन्द्रों पर मतदान अभिकर्ता जहां अंदर थे, उन्हें मतदान केन्द्र छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। यह कार्रवाई मतदान केन्द्रों पर तैनात पीठासीन पदाधिकारियों व सुरक्षा बलों के सदस्यों ने की। मतदान केन्द्रों पर लगे कैमरों की वीडियो फुटेज में भी यही देखा जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने लिखा कि वहीं जिन सरकारी कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रियाओं में तैनात किया गया था, उन्हें डाक मतपत्र जारी किए जाने थे। लेकिन 5 सौ से ज्यादा सरकारी सेवकों द्वारा फॉर्म 12 के तहत आवेदन के बाद भी उन्हें डाक मतपत्र जारी नहीं किए गए हैं।

पत्र में यह भी बताया गया कि इस संबंध में 11 नवम्बर को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, परिणामस्वरूप 5 सौ से ज्यादा सरकारी कर्मचारी मतदान करने से वंचित रह गए। दिग्विजय ने पत्र में गंभीर अनियमितता के आरोप लगाते हुए कहा कि उसी निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार और उसके चुनाव अभिकर्ता को प्राप्त डाक मतपत्र के ठिकाने और उनके भंडारण के स्थान के बारे में खबर नहीं दी गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में डाक मतपत्र के भंडारण स्थान की जानकारी दी गई, जब उम्मीदवार के चुनाव अभिकर्ता ने जाकर देखा तो डाक मतपत्र के कई बक्सों की सील टूटी थी। चुनाव एजेंट की आपत्ति पर एआरओ ने उन्हें बताया कि ऐसा डीईओ, जो कलेक्टर भिंड हैं, के निर्देश पर ऐसा किया गया है। कलेक्टर को हटाने के साथ ही लहार निर्वाचन क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में और यहां होने वाली मतगणना के लिए भी अतिरिक्त व्यवस्था करने की मांग की है।

डाक मत पत्रों में कथित अनियमितताओं के मामले में हुई कार्रवाई

# बालाघाट में अब एसडीएम निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट में डाक मत पत्रों की समय से पहले शॉर्टिंग के मामले में एसडीएम गोपाल सोनी को निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह (तहसीलदार) को भी इसी मामले में निलंबित किया जा चुका है। अब एसडीएम सोनी पर निलंबन की गाज गिरी है। जबलपुर संभाग कमिश्नर के आदेश पर बालाघाट कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इस पूरे मामले की रिपोर्ट केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजी गई थी। इसके बाद ही ये एक्शन लिया गया है।

बता दें, बालाघाट के ट्रेजरी ऑफिस में बने स्ट्रॉन्ग रूम में पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई थी। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस हमलावर हो रही थी। आयोग भी कांग्रेस के निशाने पर आ गया था। इस निलंबन को लेकर कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने एक्स पर की अपनी पोस्ट में कहा कि इस मामले में पूर्व में नोडल अधिकारी भी निलंबित हो चुके हैं। अगर कांग्रेस इस मामले को लेकर कंफ्यूज्ड थी तो इतने लोगों का निलंबन क्यों हो रहा है। बालाघाट जिले से जुड़ा एक वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ कर्मचारी मतपत्रों को रखते हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बालाघाट जिले के इस वीडियो में कर्मचारी पोस्टल बैलेट पत्रों की गिनती कर रहे हैं। वहीं प्रशासन का तर्क था कि बैलेट पत्रों को व्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। इस मामले में एक नोडल अधिकारी का निलंबन भी हो चुका है। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायती पत्र भी सौंपा था।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह और उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे पी धनोपिया ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ राजधानी भोपाल स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपा था।

कांग्रेस का आरोप था कि बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पोस्टल वोट में कथित तौर पर गड़बड़ी की है। उन्होंने कलेक्टर सहित उक्त कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने की मांग की थी। पत्र में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि बालाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा एक वीडियो भेजकर शिकायत प्रेषित की गई है, जिसमें कलेक्टर बालाघाट एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा पोस्टल वोट में कथित गड़बड़ी किया जाना सामने आया है। उक्त घटना का वीडियो चित्रण भी पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को सौंपा गया है।

### बालाघाट कलेक्टर पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी कांग्रेस

कांग्रेस अभी बालाघाट कलेक्टर मिश्रा पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर का कहना है कि बालाघाट जिले में डाक मत पत्र के मामले में कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. गिरीश मिश्रा की भूमिका भी संदिग्ध है, वे भी जल्दी ही फंसने वाले हैं। उन्होंने कई तथ्य छिपाए हैं। कांग्रेस पार्टी एमपी के जिम्मेदार अफसरों से अपील करती है कि अपने कर्तव्य का पालन करते हुए संविधान की मर्यादा का ध्यान रखें। जनता ने मैंडेट दे दिया है। उसे बदलने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने इस मामले की राष्ट्रीय चुनाव आयोग से भी शिकायत की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और सलमान खुर्शीद समेत पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल कल दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा और इस मामले की शिकायत की।

कांग्रेस का आरोप है कि बालाघाट में पोस्टल बैलेट के साथ छेड़छाड़ की गई है। कांग्रेस ने आयोग से इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की है।

दिग्विजय ने लिखा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के महानिदेशक को लिखा पत्र

# वित्त विभाग के अधिकारियों पर लगाए ढाई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने वित्त विभाग के अधिकारियों पर ढ़ाई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने मय सबूत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) के महानिदेशक को पत्र लिखा है।

श्री सिंह ने पत्र के साथ दस्तावेज और ऑडियो फाइल संलग्न की है, जिसमें कुछ व्हाट्सएप चैटिंग भी बतौर साक्ष्य शामिल हैं। इसी के साथ उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और कार्रवाई करने की मांग की है। दिग्विजय ने बताया कि उन्हें जो शिकायत मिली है उसके अनुसार राज्य मंत्रालय में लागू आई.एफ.एम.एस. सिस्टम का काम एक चहेती फर्म को देने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों ने वित्त मंत्री को विश्वास में लेकर यह ढाई सौ करोड़ रुपये के घोटाले को विधानसभा चुनाव घोषित होने के कुछ दिन पूर्व अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि आई.एफ.एम.एस. सिस्टम के काम के लिए पहले तो मनमानी शर्ते डालते हुए टी.सी.एस. जैसी टाटा की विश्व प्रसिद्ध कंपनी को प्रक्रिया से बाहर किया। फिर टेरा सी.आई.एस. टेक्नालॉजीस लिमिटेड, गुडगांव को टेंडर देने के लिए कार्यवाई शुरु कर दी। इस मामले में वित्त मंत्री के साथ-साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत केशरी की भूमिका संदिग्ध रही है। दिग्विजय ने उन्हें मिली शिकायत के हवाले से आरोप लगाया कि एक अन्य आई.ए.एस. अधिकारी ज्ञानेश्वर पाटिल भी आरोपी कंपनी के प्रतिनिधियों से मिलीभगत कर घोटाले में शामिल रहे। पहले यह टेंडर 2 सौ करोड़ रुपये का था, जिसे एजेंसी तय होने के दौरान बढ़ाकर 247 करोड़ रुपये कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस टेंडर घोटाले में करीब 50 करोड़ का लेन-देन हुआ है। रिश्वत की रकम विभिन्न माध्यमों से संबंधित अधिकारियों और मंत्री को दी गई है। ए.सी.एस. वित्त अजीत केशरी, ज्ञानेश्वर पाटिल, आयुक्त कोष एवं लेखा और टेरा टेक्नॉलाजी लिमिटेड गुडगांव से काम लेने वाले आंध्र प्रदेश की कंपनी पिक्सल वाईड सॉल्यूशन के डायरेक्टर प्रित्युश जी. रेड्डी के लिए काम करने वाले ग्वालियर निवासी देवेश अग्रवाल के बीच विभिन्न अवसरों पर वाट्सऐप पर हुई चेटिंग पत्र के साथ संलग्न है। इस पत्र के साथ सी.डी. में संलग्न ऑडियो में वित्त विभाग के शीर्ष अधिकारी हैदराबाद स्थित कंपनी के डायरेक्टर से डील पूरी करने की चर्चा करते सुने जा सकते है। चर्चा के दौरान किसी पवन नामक व्यक्ति का नाम लेनदेन में बार-बार आ रहा था।

# अटेर के 2 मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने भिण्ड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 11 और 12 की मतगणना पर रोक लगाए जाने और दोबारा मतदान की मांग की है। भाजपा ने आज यहां इस बारे में चुनाव आयोग को ज्ञापन भी सौंपा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन देकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 17 नवंबर को हुए मतदान के दिन अटेर विधानसभा के बूथ क्रमांक 11 और 12 (खडित 01 व खडित 02) पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर फर्जी मतदान कराए गया है। अटेर से पार्टी प्रत्याशी डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने मतदान के एक दिन बाद ही भारत निर्वाचन आयोग को 16 मतदान केन्द्रों पर असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी मतदान बूथ कैप्चरिंग की शिकायत की गई थी, जिसमें ये दोनों मतदान केन्द्र भी शामिल थे। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा निर्वाचन आयोग, समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस.एस. उप्पल एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी उपस्थित थे।

# शत प्रतिशत मतदान करने पर ट्रांसजेंडर्स मतदाताओं को दिया प्रमाण पत्र

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 के लिए 25 नवम्बर को लोकतंत्र के महापर्व में ट्रांसजेंडर्स द्वारा अजमेर क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने पर ऐसे मतदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अजमेर विधानसभा क्षेत्र के समस्त ट्रान्सजेण्डर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता द्वारा मतदान करने पर प्रमाण पत्र जारी किए गए। जिले में पंजीकृत समस्त ट्रांसजेण्डर मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान कर मिसाल कायम की। अजमेर उत्तर 15 में से 13 ने मतदान किया। यहां 2 मतदाताओं सलीम बाई और कोमल बाई की मृत्यु हो गई थी। विधानसभा क्षेत्रा नसीराबाद के 3, किशनगढ़ के 2 तथा अजमेर दक्षिण, पुष्कर, केकड़ी एवं ब्यावर के एक-एक ट्रांन्सजेण्डर ने मतदान किया। समस्त मतदान करने वाले ट्रांसजेण्डर्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकतंत्र में निष्ठा और विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए प्रमाण पत्रा जारी किए गए है। जिले के संस्थान सीफार सेंटर फॉर रिसर्च एंड एडवोकेसी के प्रभारी आनंद मोटिश द्वारा समस्त तृतीय लिंग के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर प्रमाण पत्र सुपुर्द किए गए। उल्लेखनीय है कि अजमेर में कुल 22 ट्रांसजेंडर मतदाता है, सभी ने मतदान कर लोकतंत्र में भागीदारी निभाई।

दीपावली मिलन समारोह संपन्न

# जन परिषद का विस्तार संतोष का विषय, जिम्मेदारी का बोध : त्रिपाठी

**भोपाल, देशबन्धु।** अग्रणी संस्था जन-परिषद का दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ।



अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन पूर्व डीजीपी एन.के. त्रिपाठी ने की। उपाध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस एस.के. मिश्रा, उपाध्यक्ष अजात शत्रु, वरिष्ठ रंगकर्मी कमल जैन, महासचिव ओ.पी. गुप्ता और संयोजक रामजी श्रीवास्तव कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। चैयरमैन एन.के. त्रिपाठी ने दीपावली की बधाईयाँ देते हुए कहा कि जिस गति से जन-परिषद ने अपना विस्तार किया है, वह एक तरफ आत्म-संतोष का विषय है, तो दूसरी तरफ अतिरिक्त जिम्मेदारी का बोध भी है। उपाध्यक्ष अजात शत्रु ने कहा कि जन-परिषद ने वैसे तो कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं, श्री त्रिपाठी के नेतृत्व में जिस गति से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 208 चैप्टर्स का विस्तार किया है, वह अकल्पनीय है। उन्होंने संगठन के कई मूलभूत सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए कहा कि जन-परिषद की अभूतपूर्व और गरिमामय ऐतिहासिक उपलब्धियाँ भरी मंजिल अब बहुत निकट है। उपाध्यक्ष एस.के. मिश्रा ने कहा जन-परिषद के सदस्यों के थोड़े से और गंभीर प्रयास सामाजिक इतिहास रच सकते हैं। महासचिव ओ.पी. गुप्ता ने जन-परिषद की ध्येय निष्ठा को अब और केंद्रित एवं सर्व-स्वीकार्य बनाने के लिए मंथन करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अभिनेता कमल जैन ने सभी के आग्रह पर पहले तो एक दो फिल्मों में उनके डायलॉग बोलकर खूब प्रशंसा पायी और फिर उन्होंने सभी के प्रति आभार प्रगट किया।

### मिश्रा और रायकवार का हुआ सम्मान

चेयरमैन एन.के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए एस.के. मिश्रा एवं विभागीय उन्नति प्राप्त करने के लिए उप संचालक जनसंपर्क दुर्गेश रायकवार का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में नितिन श्रीवास्तव, अरुण खरे, संदीप गोलू भैया, मनोहर पंजाबी, रामेश्वर खावदे आदि की गरिमामय उपस्थिती रही।

# बालोद में मतगणना को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**बालोद, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना का कार्य पूरी तरह से त्रुटिरहित और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं और ईवीएम, वीवीपेट से मतगणना के लिए गणना सुपरवाईजर और गणना सहायकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसका नेतृत्व जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने किया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गणना सुपरवाईजर और गणना सहायकों को उनके कार्यों और दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि मतगणना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, तीनों विधानसभा की गणना स्ट्रांग रूम पाकुरभाट में की जाएगी।

# गुजरात हाईकोर्ट ने लाउडस्पीकर पर अजान के खिलाफ जनहित याचिका खारिज की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें मस्जिदों से अजान या इस्लामी प्रार्थना के प्रसारण के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी. मायी की पीठ ने याचिका को पूरी तरह गलत करार दिया। बजरंग दल के नेता शक्तिसिंह जाला की जनहित याचिका में कहा गया कि लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे आम जनता, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और अन्य तरह की असुविधाएं होती हैं।

अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता के दावों में अनुभवजन्य साक्ष्य और वैज्ञानिक आधार का अभाव है। पीठ ने अपने फैसले में इस बात पर जोर दिया कि अजान, जो आमतौर पर अधिकतम 10 मिनट तक चलती है, डेसिबल स्तर तक पहुंचने की संभावना नहीं रहती है, जो ध्वनि प्रदूषण का खतरा बन सके। इसने याचिकाकर्ता की यह स्थापित करने की क्षमता के बारे में संदेह जताया कि अजान के दौरान लाउडस्पीकर के जरिए बढ़ाई गई मानवीय आवाज, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करने के लिए पर्याप्त डेसिबल उत्पन्न कर सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील से मंदिर के अनुष्ठानों के दौरान घंटियों और घंटियों की आवाज़ के बारे में भी सवाल किया। पीठ ने पूछा, आपके मंदिर में सुबह की आरती भी ढोल-नगाड़ों और संगीत के साथ तड़के 3 बजे ही शुरू हो जाती है। उस समय बहुत से लोग सो रहे होते हैं। क्या इससे शोर नहीं होता? क्या आप दावा कर सकते हैं कि घंटे और घड़ियाल की ध्वनि केवल मंदिर परिसर तक ही सीमित है? कीर्तन-भजन, आठ घंटे चलने वाले अष्टयाम या 24 घंटे चलने वाले नवाह के लाउडस्पीकर के जरिए प्रसारण को ध्वनि प्रदूषण का कारण मान लिया जाए, तब आप क्या कहेंगे? ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए वैज्ञानिक तरीकों के अस्तित्व पर प्रकाश डालते हुए यह नोट किया गया कि जनहित याचिका में इस दावे को साबित करने के लिए ठोस डेटा या अध्ययन-निष्कर्ष प्रस्तुत करने की जरूरत है, ताकि प्रमाण रहे कि 10 मिनट की अजान से ध्वनि प्रदूषण हो सकता है।

# बंगाल से अधिकतम सीटों के साथ भाजपा को केंद्र की सत्ता में लौटाएं



**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बंगाल के लोगों से राज्य में अधिकतम सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केंद्र की सत्ता में वापस लाने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने बुधवार को यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को राज्य से ऐसा जनादेश दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गर्व से कह सकें कि वह बंगाल की वजह से तीसरी बार पीएम बने हैं। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली करने के बावजूद, भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में 77 सीटें और 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 सीटें जीतीं।

साथ ही उन्होंने बंगाल के लोगों से 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लाने की अपील की। मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की किसी भी विकास परियोजना को पटरी से उतारने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। उन्होंने कहा, मेरे पूरे राजनीतिक जीवन में, मैंने बंगाल जैसी स्थिति नहीं देखी जहां कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए। सुश्री बनर्जी पर राज्य को 'बर्बाद' करने का आरोप लगाते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठ अभी भी बढ़ रही है। शाह ने कहा, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम देश का कानून है और इसे कोई नहीं रोक सकता तथा हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने तृणमूल सिंडिकेट पर मोदी द्वारा भेजी गई बड़ी रकम को बंगाल के गरीबों तक नहीं पहुंचने देने का भी आरोप लगाया।

अमित शाह ने सार्वजनिक रैली से पहले कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा बंगाल के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरी है। आगामी चुनावों में भाजपा की जीत और ममता दीदी (तृणमूल प्रमुख एवं मुख्यमंत्री) के नेतृत्व वाली टीएमसी का पतन निश्चित है। आज कोलकाता में 'प्रतिवाद सभा' को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं। इस बीच राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल नेताओं के 'भ्रष्टाचार' के कारण बंगाल के लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**हर महीने मुफ्त मिलता रहेगा....**

15000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराना है,ताकि वह कृषि उद्देश्यों को लेकर किसानों को कराए पर ड्रोन सेवाऐ दे सकें। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी है जिसकी अधिसूचना 'उचित समय पर' जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की मंगलवार शाम को हुयी बैठक में वित्त मंत्रालय की ओर से रखे गए संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल के निर्णयों के अनुसार आयोग अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध करायेगा। बैठक के बाद बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तें उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी। सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें, सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने पर एक अप्रैल, 2026 से पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू होंगी। सरकार ने केन्द्र सरकार की योजना के तहत शुरू किए गए फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट के कार्य करने की अवधि तीन वर्ष तक बढ़ा दी है।

**ट्रेन में विषाक्त भोजन से....**

जिसके बाद पुणे रेल मंडल के वाणिज्यक प्रबंधन और जनसम्पर्क अधिकारी के मुताबिक इस मामले के सामने आने के बाद तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम पुणे स्टेशन भेजी गई। उन्होंने पुणे स्टेशन पर उतार लिया गया और उनका परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। परीक्षण के दौरान किसी यात्री की ऐसी स्थिति नहीं थी कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़े, इसलिए उन्हें वापस ट्रेन से रवाना कर दिया।

जांच में यह बात सामने आई कि यात्रियों को सोलापुर से लगभग 180 किमी दूर वाडी रेलवे स्टेशन पर भोजन मिला। साथ ही यह बात भी साफ हो गई कि यह भोजन रेलवे द्वारा उपलब्ध नहीं कराया था। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि उन्होंने भोजन कहां से प्राप्त किया।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।